दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 158 | जयपुर, शनिवार, 18 मई, 2024 | वैशाख, शुक्ल पक्ष- दशमी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**भीषण गर्मी का कहर:** राजधानी जयपुर में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तापमान, दिनभर लू से परेशान रहे लोग

## 47 डिग्री पार कर गई गर्मी... भट्टी की जैसे तपने लगा प्रदेश

**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

उत्तर पश्चिम भारत में भीषण गर्मी का कहर बना हुआ है। देश की राजधानी दिल्ली में झुलसा देने वाली गर्मी पड़ रही है। इसके साथ ही राजस्थान भट्टी की जैसे तपने लगा है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली का नजफगढ़ इलाका सबसे गर्म दर्ज किया गया। यहां का तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही दिल्ली के 8 स्टेशनों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया है। इसको लेकर दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। उधर, राजस्थान में भी सूर्य देव आग उगल रहे हैं। प्रदेश में हीटवेव और तपन से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। तपते सूरज के बीच पारा भी रफ्तार पकड़ने लगा है। श्रीगंगानगर में 46 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 45 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 45 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 45 डिग्री सेल्सियस, बाड़मेर में 45 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 44.4 डिग्री सेल्सियस, कोटा में 44.6 डिग्री सेल्सियस और राजधानी जयपुर में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। उधर, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक सप्ताह गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अभी प्रदेश में तापमान सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हो रहा है। आने वाले दिनों में पारा सामान्य से 3 डिग्री तक ऊपर जा सकता है। मई के आखिर तक गर्मी तेज रहने की संभावना है।


जयपुर @ राहत की बौछार
फोटो: पंकज शर्मा

### हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने शनिवार को 14 से ज्यादा जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आगामी दिनों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। शनिवार को चूरू, जैसलमेर, जोधपुर में हीटवेव और तेज गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जबकि अलवर, बारां, भरतपुर, दौसा, जयपुर, करौली, झुंझुनूं, दौसा, सवाई माधोपुर, सीकर, बाड़मेर, हनुमानगढ़, नागौर, गंगानगर और बीकानेर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। गर्मी के तीखे तेवरों को देखते हुए मौसम विशेषज्ञों ने बच्चों और बुजुर्गों को दिन में घर से न निकलने की सलाह दी है। वहीं, पशु-पक्षियों के लिए छांव-पानी की व्यवस्था करने के लिए कहा है।

**खाद्य सुरक्षा विभाग की जयपुर में बड़ी कार्रवाई**

## ‘श्री सरस’ का 13000 लीटर से ज्यादा घटिया घी जब्त

**टीम ने वीकेआई रोड नंबर 9 पर फैक्ट्री में मारा छापा**

**854 कार्टन में भरा था 13700 लीटर घटिया क्वालिटी का घी**

**घी का सैंपल लेकर टीम ने जांच के लिए भिजवाया**



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री पर छापा मारकर वहां से 13 हजार 700 लीटर घटिया क्वालिटी का घी बरामद किया गया, जो ‘श्री सरस’ के नाम से बेचा जा रहा था। उसमें से बदबू आ रही थी। घटिया क्वालिटी का घी 854 कार्टन में भरा था, उसे टीम ने सीज कर दिया है। टीम ने इसके सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि उन्हे सूचना मिली थी कि विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री में घटिया क्वालिटी के घी का स्टॉक रखा है और साथ ही बाजार में बेचा जा रहा है। इस पर शुक्रवार को टीम वीकेआई नौ नंबर पहुंच कर महेंद्र जैन नाम के व्यक्ति की फैक्ट्री पर छापा मारा गया, जहां टीम को ‘श्री सरस’ नाम से 854 कार्टन में घी का स्टॉक फैक्ट्री में पड़ा मिला। टीम ने पूरे स्टॉक को सीज कर सैंपल लिए गए।

### दमन से बनकर आता था जयपुर

जानकारी में सामने आया है कि यह घी दमन में बनाया जाता है और फिर यहां ट्रांसपोर्ट के जरिए यहां पहुंचता है। ज्यादातर घी शेखावाटी एरिया चूरू, सीकर, झुंझुनूं में बेचा जाता है। यह बाजार में करीब 350 रुपए प्रति लीटर की दर से बेचा जाता है। इसके अलावा जयपुर में अन्य शहरों में भी कुछ जगहों पर घी की सप्लाई की जाती है। श्री सरस के नाम से घी बेचने के मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जयपुर डेयरी को भी सूचित किया है। सरस के नाम से घी बेचने के मामले में जयपुर डेयरी को इस संबंध में थाने में मामला भी दर्ज करवाया।



### एक पखवाड़े में एक दर्जन से अधिक कार्रवाई

अधिकारियों का कहना है कि मिलावट को लेकर कार्रवाई के निर्देश सरकार की ओर से जारी किए गए हैं, ताकि आमजन को मिलावट रहित खाद्य पदार्थ मिल सकें। इसके बाद खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय पूरे प्रदेश में कार्रवाई को अंजाम दे रहा है। खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की ओर से जयपुर में बड़े-बड़े रेस्टोरेंट, ढाबों पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। बीते दो सप्ताह में तकरीबन एक दर्जन से अधिक कार्रवाई पूरे जयपुर में मिलावट को लेकर हो चुकी है।

## दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट में लगी आग

**कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग**



**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट में आग लगने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार शाम को दिल्ली से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट नंबर 807 में आग लग गई। इस दौरान विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। राहत की बात है कि इस घटना में किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी कुछ पता नहीं चल सका है।

सूत्रों के मुताबिक घटना की जानकारी मिलते के बाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित कर दी गई।

इस बीच लगभग 1 घंटे बाद फ्लाइट को सुरक्षित लैंड कराया गया। इस मामले को लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि फ्लाइट नंबर 807 ने दिल्ली से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ देर बाद ही फ्लाइट के एक यूनिट में आग की लपटें देखी गईं। कंट्रोल रूम ने फ्लाइट को इमरजेंसी लैंडिंग करवाने का आदेश दिया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार फ्लाइट में 175 यात्री सवार थे।

**जरूरी खबर**

### जालोर: ओडवाड़ा में कब्जा हटाने पर कोर्ट ने लगाई रोक



**जयपुर।** प्रदेश के जालोर जिले के आहोर उपखंड क्षेत्र के ओडवाड़ा गांव की चारागाह भूमि यानी ओरण पर राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश पर गुरुवार को अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई के दौरान हुआ बवाल अभी शांत नही हुआ है। इधर, शुक्रवार को कार्रवाई पर जोधपुर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। शुक्रवार को पीड़ितों से मिलने कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत और विधायक पहुंचे। उधर, ओडवाड़ा गांव की चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान महिलाओं के साथ बदसलूकी के आरोपों पर राज्य महिला आयोग सख्त हो गया है। आयोग की अध्यक्ष ने संज्ञान लेते हुए दो सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दिए हैं।

### सिंधी कैंप पर 30 किलो गांजे सहित दो पकड़े



**जयपुर।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जोधपुर और जयपुर के क्षेत्रीय निदेशक घनश्याम सोनी के निर्देशन में NCB जयपुर क्षेत्रीय इकाई की एक विशेषज्ञ टीम ने जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैंड पर एक बड़ी कार्रवाई की। टीम ने 2 व्यक्तियों विकास लामा पुत्र छोटे लाल, निवासी महेंद्रगढ़-हरियाणा और विकास कुमार पुत्र सत्यवीर, निवासी झुंझुनूं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30.640 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इसका बाजार मूल्य 15.32 लाख रुपए बताया जा रहा है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## रिश्वत प्रकरण में तीन साल से सस्पेंड चल रहे IPS मनीष अग्रवाल बहाल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के बहुचर्चित दौसा घूस कांड मामले के आरोपी राजस्थान कैडर के आईपीएस मनीष अग्रवाल को भजनलाल सरकार ने तीन साल के बाद बहाल कर दिया। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को आधिकारिक आदेश जारी कर दिए हैं। मनीष अग्रवाल पिछले 3 साल से रिश्वत लेने के मामले में निलंबित चल रहे थे। इससे पहले मनीष अग्रवाल के खिलाफ केंद्र सरकार ने केस चलाने की अनुमति दी थी। एसीबी ने दौसा घूसकांड मामले में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी। दोनों ही मामलों में चालान भी पेश हो चुका था, जिस पर कोर्ट में सुनवाई हो रही है। आईपीएस मनीष अग्रवाल को इस मामले में 100 दिन से ज्यादा जेल में रहना पड़ा था।



### ये था मामला

फरवरी 2021 में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे निर्माण कंपनी से रिश्वत के आरोप में आईपीएस मनीष अग्रवाल, आरएएस पिंकी मीणा और पुष्कर मित्तल के अलावा दो दलाल एसीबी की गिरफ्त में आए थे। इस कार्रवाई में दौसा और बांदीकुई के तत्कालीन एसडीएम पुष्कर मित्तल और पिंकी मीणा को एसीबी ने गिरफ्तार किया था। साथ ही आईपीएस मनीष अग्रवाल के दलाल नीरज मीणा को भी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों से बंधी लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

**भरतपुर में नेशनल हाईवे पर हुआ हादसा**

## ट्रक में घुसी बस... 5 की मौत, 12 घायल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के भरतपुर जिले में शुक्रवार को तेज रफ्तार ने कहर बरपाया। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर हलैना के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में यूपी परिवहन की बस जा घुसी। इस हादसे में बस में सवार 5 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को भरतपुर के आरबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया।



सूचना पर भरतपुर कलेक्टर अमित यादव, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा और सीएमएचओ गौरव कपूर आरबीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हाल-चाल जाना। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। बस उत्तर प्रदेश (यूपी) परिवहन के अलीगढ़ डिपो की है। वह अलीगढ़ से जयपुर आ रही थी। इसके साथ ही ट्रक भी जयपुर की तरफ जा रहा था और उसमें लकड़ियां भरी हुई थी। ओवरटेक के चक्कर में आगे जा रहे ट्रक में बस जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि बस का आधे से ज्यादा हिस्सा चकनाचूर हो गया। दो वाहनों की भिड़ंत के बाद तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

हादसे के बाद जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हाईवे से हटाया। इसके बाद वाहनों की आवाजाही सुचारू रूप से शुरू हो पाई।

**ओडिशा दौरे पर सीएम भजनलाल**

## नवीन पटनायक के शासन में ओडिशा हुआ 50 साल पीछे: मुख्यमंत्री

**बेधड़क** | जगन्नाथपुर/जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को ओडिशा के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने नवीन पटनायक सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ओडिशा के पास संसाधनों की बहुतायत होने के बावजूद यहां बड़ी तादाद में आबादी गरीबी में जीवन बीता रही है।

यहां के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अपने 25 साल के शासन में ओडिशा को 50 साल पीछे धकेल दिया है। ओडिशा में आज भी 6 हजार 412 ऐसे गांव हैं, जहां सड़क नहीं है। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि यहां के युवाओं को रोजी-रोटी के लिए सूरत और देश के अन्य शहरों में पलायन करना पड़ रहा है। बीजेडी के शासनकाल में शांतिप्रिय ओडिशा अपराध का गढ़ बन चुका है। महिला अपराध के मामले में तो ओडिशा देश का नंबर एक राज्य बन गया है। इसके लिए बीजेडी और कांग्रेस जिम्मेदार हैं। ओडिशा में पहले करीब 50 साल कांग्रेस और फिर 25 साल से बीजेडी की सरकार है। दोनों ने ओडिशा को लूटने के अलावा कोई काम नहीं किया।

### किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होगा एससी-एसटी का आरक्षण

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जनता की सेवा ही परम ध्येय है। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 10 वर्षों में 4 करोड़ गरीबों को सिर ढंकने के लिए छत मुहैया कराई है। 10 करोड़ गरीबों को उज्ज्वला कनेक्शन तथा 14 करोड़ घरों में नल से पानी पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन वर्षों में आदिवासी कल्याण के बजट में पांच गुना बढ़ोतरी की है। आदिवासी कल्याण के लिए 24 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह स्पष्ट कर चुके हैं कि एससी-एसटी का आरक्षण किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होगा।



### गरीब तक पहुंची योजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के 50 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है, लेकिन ओडिशा सरकार की हठधर्मिता के कारण यहां की जनता को आयुष्मान योजना तथा वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेडी सरकार जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को लेकर भी पारदर्शिता नहीं बरत रही है। मंदिर के गर्भ गृह के आंतरिक कक्ष की चाबियां पिछले 6 साल से लापता हैं। इस मामले की जांच राज्य सरकार ने एक आयोग को सौंपी थी, लेकिन वह रिपोर्ट आज तक ओडिशा सरकार ने सार्वजनिक नहीं की है। सीएम ने कहा कि ओडिशा के किसानों की आय देश में सबसे कम है, क्योंकि उनका चावल कम दाम में बिकता है। भाजपा सरकार आने पर किसानों से 3100 रुपए क्विंटल की दर से चावल खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि ओडिशा के लोगों के पास भी राजस्थान की तरह भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाने का मौका है।

## जरूरी खबर

### मंत्री राठौड़ ने डॉ. कमला बेनीवाल को दी श्रद्धांजलि



**जयपुर।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ शुक्रवार को गुजरात, मिजोरम, त्रिपुरा की पूर्व राज्यपाल डॉ. कमला बेनीवाल के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। कर्नल राठौड़ ने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। राठौड़ ने कहा, एक कुशल प्रशासक के रूप में डॉ. कमला बेनीवाल सदा याद रहेंगी।

### जनाधार योजना की समस्याओं के लिए हेल्पडेस्क शुरू

**जयपुर।** प्रदेशवासियों के लिए एक नंबर, एक कार्ड एक पहचान देने के उद्देश्य से शुरू की गई जन-आधार योजना के से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए जन-आधार प्राधिकरण के चक्कर लगाने से लोगों को मुक्ति मिलेगी। शासन सचिव, आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग नवीन जैन ने आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में जन-आधार योजना की समीक्षा के बाद ब्लॉक स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित करने के आदेश जारी किए है। विभाग के मुकेश चन्द जोशी ने बताया की हेल्प डेस्क से संबंधित कार्य के लिए सीमा मीणा, सांख्यिकी निरीक्षक 9460278186, एवं भगवान सहाय शर्मा, वरिष्ठ सहायक 7610039077 से संपर्क कर सकते हैं।

### कोर्ट ने सहायक रेडियोग्राफर भर्ती पर मांगा जवाब



**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सहायक रेडियोग्राफर भर्ती के खाली पदों को अब तक नहीं भरने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने प्रमुख चिकित्सा सचिव, चिकित्सा निदेशक और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव को नोटिस जारी कर अपना जवाब देने को कहा है। अदालत ने पूछा है कि चार साल पहले निकाली गई इस भर्ती के पूरे पदों पर अब तक नियुक्ति क्यों नहीं दी गई है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश राजेश बारिया व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि चयन बोर्ड ने 12 जून 2020 की सहायक रेडियोग्राफर के 1119 पदों की भर्ती में पद खाली रहने के बावजूद भर्ती नहीं की जा रही है।

---

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने एक कार्यक्रम में दी जानकारी

## कैंसर का सस्ता इलाज मुहैया कराने के लिए बनेगा रोडमैप

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में गैर संचारी रोगों में कैंसर जैसे गंभीर बीमारी का तेजी से प्रसार हुआ है और यह मृत्यु के प्रमुख कारणों के रूप में उभरा है।




हमारा प्रयास है कि प्रदेश में इसका गुणवत्तापूर्ण उपचार सस्ता एवं सुलभ हो। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सभी संबंधित एजेंसियों का सहयोग लेते हुए रोडमैप तैयार करेगा। एसीएस सिंह शुक्रवार को फिक्की ओर से आयोजित 'रोड मैप फॉर मेकिंग कैंसर केयर अफोर्डेबल एण्ड एक्सीसिबल इन इंडिया- राजस्थान राउण्ड टेबल' कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि कैंसर एक ऐसी जटिल बीमारी है, जो न केवल रोगी, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है। महंगे और लंबे उपचार के कारण पूरा परिवार इस बीमारी की पीड़ा झेलता है। शुभ्रा सिंह ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार दुनिया में 17.9 प्रतिशत, भारत में 9.9 प्रतिशत तथा राजस्थान में 9.3 मृत्यु कैंसर के कारण होती है। उन्होंने कहा कि कैंसर रोग की शीघ्र पहचान होने पर उसका उपचार कर रोगी को बचाया जा सकता है। विभाग द्वारा लीवर कैंसर की रोकथाम के लिए हैपेटाइटिस-बी का टीका लगाया जा रहा है। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी के टीके को यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों से लेकर उपस्वास्थ्य केन्द्र तक तीन प्रकार के कॉमन कैंसर जैसे ऑरल, ब्रेस्ट एवं सर्विकल कैंसर की स्क्रीनिंग भी नियमित रूप से की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रदेश में एक करोड़ से अधिक लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग की गई।

### सरकार कैंसर रोकथाम के प्रति गंभीर

एसीएस सिंह ने कहा कि सरकार कैंसर रोकथाम को लेकर गंभीर हैं। इसके लिए अजमेर, बीकानेर, भतरपुर, कोटा, जोधपुर एवं उदयपुर जोन हैडक्वार्टर पर एक-एक कैंसर वैन तथा जयपुर में दो सहित कुल 8 कैंसर वैन संचालित की जा रही हैं। इस वैन में मेमोग्राफी, एक्सरे मशीन, कोलको स्कोपी, एण्डोस्कोपी के उपकरण उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सीएसआर के माध्यम से इन कैंसर वैन की संख्या को बढ़ाकर जोन स्तर तक उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिलों में कैंसर यूनिट संचालित की जा रही है। जिला चिकित्सालयों से एक चिकित्साधिकारी व दो स्टाफ नर्स को एशियन कैंसर इंस्टीटयूट मुम्बई से विशेष प्रशिक्षण करवाकर जिलों में संचालित कैंसर केयर यूनिट में पदस्थापित किया गया है। जयपुर में अपेक्स कैंसर इंस्टीट्यूट, स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, बीकानेर एवं झालावाड़ में टर्सरी कैंसर सेन्टर संचालित हैं। साथ ही जयपुर एवं बीकानेर में पीईटी स्केन की सुविधा भी उपलब्ध है।

### तैयार की जा रही कैंसर पॉलिसी

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि आईसीएमआर-एनसीडीआईआर बैंगलोर के तकनीकी सहयोग से कैंसर मरीजों के प्रमाणित डाटा के लिए कैंसर के संबंध में पॉलिसी तैयार की जा रही है। कार्यक्रम में कैंसर केयर पर फिक्की टास्क फोर्स के श्री राजगोरे एवं विनित गुप्ता ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हैल्थ केयर सर्विसेज श्रीमयी चक्रवर्ती ने राजस्थान में कैंसर केयर इन्फ्रास्ट्रक्चर विषय पर प्रजेंटेशन दिया। अन्त में फिक्की के सहायक सचिव प्रवीण मित्तल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

प्रतिबंधित सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने पहुंचा था दस्ता

## अतिक्रमण तोड़े बिना लौटा दल मदद के लिए नहीं पहुंची पुलिस

**बेधड़क** | जयपुर

नागौर जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित, एसपी नारायण तोगस, एडीएम चंपालाल जिनघर और तहसीलदार हरिदिप सिंह ने अभी हाल ही के दिनों में राज्य सरकार के आदेश पर एक बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की, जिसमें जिला कलेक्टर ने गुडला रोड स्थिति खसरा नंबर 451 अंगोर भूमि पर हुए भूमाफियों के द्वारा अतिक्रमण को हटाने का निर्णय लिया गया था। जिसमें उपखंड अधिकारी के आदेश की पत्रवाली सोशल मीडिया पर दो दिन पहले ही वायरल होने पर नागौर में हड़कंप मच गया था।

दरअसल पत्रवाली वायरल होने के चलते अंगोर भूमि पर अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया था। उसके बाद इस पूरे मामले में राजनीतिक दबाव देखने को मिल रहा था। इस अंगोर भूमि पर अभी करीब 2 हजार से ज्यादा कच्चे पक्के मकान है। हालांकि तहसील प्रशासन ने शुक्रवार को केवल तारबंदी या चार दिवारी वाले अतिक्रमण हटाने को कहा था।



### टीम पहुंची, लेकिन पुलिस नहीं

दरअसल सुबह 8 बजे ही तहसील प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई थी, जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार, तीन निरीक्षक भू-अभिलेख, 14 पटवारी, नगर परिषद की टीम, 2 जेसीबी, 2 ट्रक नगर परिषद के और नगर परिषद की पूरी टीम मौके पर अतिक्रमण हटाने पहुंच गई थी, लेकिन पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस के द्वारा जिला प्रशासन को पुलिस जाप्ता नहीं दिया गया। यह तक कि एडिशनल एसपी और सीओ दोनों छुट्टी पर गए। यही कारण रहा कि तहसील प्रशासन आज कार्रवाई नहीं कर पाया है।

### किसी ने बताया राजनीतिक दबाव तो किसी ने भीड़ का डर

शहर में जैसे ही यह बात पता चली कि प्रशासन अतिक्रमण तोड़ने पहुंचा लेकिन तोड़ नहीं पाया तो पूरे शहर में अलग-अलग चर्चाएं होने लगी। अतिक्रमणियों ने यह कहा कि हमने तो ज्योति मिर्धा, हनुमान बेनीवाल और कलेक्टर को ज्ञापन दिया था। यही कारण है कि आज हमारे मकान नहीं टूट रहे हैं। इधर शहर में अलग ही चर्चा चल रही है लोगों का कहना है कि प्रशासन वहां मौजूद भीड़ को देखकर डर गया।



---

पूर्व मंत्री ने साधा BJP पर निशाना

## विकास के मुद्दे ताक में, जनता को बरगला रहे भाजपा नेता: आंजना

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़



राज्य के पूर्व मंत्री व चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने शुक्रवार को भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले केवल राम दर्शन की बात करते हैं, न कि रामराज की। ये लोग विकास के मुद्दे को दरकिनार कर सिर्फ जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। ऐसे में इस बार जनता भी इन्हें चौंकाने का काम करेगी।

दरअसल, आंचना एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भादसौड़ा क्षेत्र के कुथणा गांव पहुंचे थे। इस दौरान भादसौड़ा बस स्टैंड पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। मौके पर मीडियाकर्मियों से मुखातिब हुए आंजना ने कपासन विधानसभा की 12 ग्राम पंचायतों की वोटिंग से लेकर विभिन्न मुद्दों पर खुलकर अपनी बातें रखी। आंजना ने भाजपा के राम मंदिर दर्शन को लेकर उठाए जा रहे सवाल पर भी जोरदार प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा वाले बार-बार राम मंदिर के दर्शन की बात करते हैं, लेकिन रामराज लाने की बात नहीं करते हैं। रामराज में सभी सुखी थे, लेकिन भाजपा राज में लोगों का दुख बढ़ा है। वहीं, कानून-व्यवस्था के सवाल पर राज्य की भजनलाल सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। यहां लोग बिजली की अघोषित कटौती से परेशान हैं।

बावजूद इसके मौजूदा राज्य सरकार को इससे कोई लेना देना नहीं है। भाजपा के तुष्टिकरण के आरोप पर आंजना ने कहा कि 10 साल से देश में भाजपा की सरकार है, लेकिन वे लोग अब भी महंगाई, बेरोजगारी और विकास की बजाय इस प्रकार के आरोप लगाकर अपनी कमजोरी को छुपाना चाहते हैं। खैर, अब लोग भाजपा की सच्चाई जान चुके हैं। चुनावी तस्वीर पर उन्होंने कहा भाजपा भले ही 25 में से 25 सीट जीतने का दावा कर रही हो, लेकिन हकीकत यह है कि कांग्रेस राज्य में 10 से 12 सीट जीत रही है।

---

आवासन आयुक्त ने ली विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक

## मंडल की आवासीय योजनाओं को जल्द पूर्ण करने के निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

आवासन आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने शुक्रवार को आवासन मंडल मुख्यालय "आवास भवन" में एक अहम बैठक लेकर प्रदेशभर में चल रही विभिन्न प्रगतिरत आवासीय योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आवासन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में आवासीय योजनाओं के प्रति आमजन में खासा उत्साह दिख रहा है। जयपुर शहर में अपार्टमेंट और विलाज के प्रति भी आमजन में आकर्षण देखने को मिला है। उन्होंने योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा प्रभावी कार्ययोजना



बनाकर उन्हें कम से कम समय में पूरा करने के निर्देश दिए। सिंह ने लॉटरी से वंचित रहे उपभोक्ताओं की राशि तुरंत रिफंड करने के निर्देश देते हुए कहा कि बुधवार नीलामी उत्सव में भी असफल आवेदकों की अमानत राशि महज 72 घण्टे में स्वतः ही रिफण्ड हो जाती है इसलिए इस प्रक्रिया को इन योजनाओं के साथ अमल में लिया जाए। आवासन आयुक्त ने शहरों में योजनाओं से सम्बन्धित हेल्प डेस्क को भी मजबूत करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को आवेदन करने में किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि आमजन योजनाओं से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट पर भी विजिट करके या हेल्पलाइन नंबर से भी जानकारी ले सकते हैं। आवासन आयुक्त ने बैठक में संबंधित साइट्स के अधिकारियों से साइट की वस्तुस्थिति जानी। उन्होंने किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन का विश्वास ही मंडल की सबसे बड़ी पूंजी है।

---

खनन अधिकारियों को राजस्व संग्रहण को लेकर दिए कड़े निर्देश

## वसूली के लक्ष्य तय, कोताही बर्दाश्त नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

निदेशक खान एवं भूविज्ञान राजेन्द्र भट्ट ने कहा है कि खनन से संबंधित राजस्व वसूली में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वे शुक्रवार को खनन विभाग के अधिकारियों से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से रुबरु हो रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभागीय राजस्व में होने वाली छीजत को रोकते हुए राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।



उन्होने कहा कि विभाग द्वारा राजस्व वसूली के मासिक लक्ष्य निर्धारित कर जारी किए जा चुके हैं। डीएमजी भट्ट ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्व अर्जन करने वाले विभागों की राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा की जा रही है, ऐसे में लक्ष्यों के अनुसार वसूली में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 15 मई तक 863 करोड़ 78 लाख रु. का राजस्व अर्जित किया जा चुका है। भट्ट ने बताया कि खनन विभाग की राजस्व वसूली में आलोच्य अवधि में लक्ष्यों के विरुद्ध 100 प्रतिशत से भी अधिक राजस्व अर्जित कर एसएमई भीलवाड़ा वृत पहले और एसएमई जयपुर वृत दूसरे नंबर पर है। इसी तरह से कार्यालयानुसार वसूली में एएमई टोंक ने 206 प्रतिशत और एमई सिरोही ने 204 प्रतिशत से अधिक राजस्व अर्जित किया है। एमई भरतपुर, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर, झुन्झुनू, बीकानेर और जयपुर व एएमई चुरु और बारां ने लक्ष्यों से 100 प्रतिशत से भी अधिक राजस्व संग्रहित किया है। उन्होंने लक्ष्यों से कम वसूली करने वाले कार्यालयों को राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वीसी में पुरानी बकाया, बड़ी कंपनियों से राजस्व वसूली, अभियानों के दौरान लगाई गई जुर्माना राशि की वसूली सहित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की। टीए डीएमजी श्री देवेन्द्र गौड ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से अवगत कराया।

वितीय सलाहकार गिरिश कच्छारा ने राजस्व लक्ष्यों और उसके विरुद्ध वसूली प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार का राजस्व वसूली पर विशेष फोकस है।

---

कई जगह बदहाली देख जताई नाराजगी

## कलेक्टर ने सरकारी विभागों, गोशालाओं व पेयजल की जांची व्यवस्था

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने खंडार क्षेत्र में उपखण्ड कार्यालय, आदर्श अमृत सरोवर, जल जीवन मिशन, गोशालाओं, हैण्डपम्पों, वृक्षारोपण कार्यो, सामुदायिक शौचालयों एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय खण्डार में सभी कक्षों का निरीक्षण कर कार्मिकों की उपस्थिति पंजीका एवं आवक-जावक रजिस्टर की जांच की। उन्होंने सभी कार्मिकों को समय



पर कार्यालय आने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ सुथरा बनाने व कार्यालय के बाहर गार्डन विकसित करने के निर्देश उपखण्ड अधिकारी को दिए। उन्होंने खंडार एसडीएम दामोदन सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विद्युत विभाग, जलदाय विभाग सहित अन्य कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी स्कूलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाओं सुनिश्चित करने के साथ-साथ परीक्षा परिणाम में सुधार करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खंडार में आदर्श अमृत सरोवर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को तालाब के किनारे से झाड़ियां हटवाने, साफ-सफाई करवाने, छायादार वृक्ष लगाकर सौंदर्यीकरण करने के साथ-साथ तालाब आस-पास असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### गोशाला का किया निरीक्षण

जिला कलेक्टर ने खंडार क्षेत्र में संचालित लाडोवन बालाजी गोशाला एवं रामदेव गोशाला बहरावंडा कला का निरीक्षण कर भीषण गर्मी को देखते हुए गोवंश के लिए छाया, पानी, चारे, ठंडी हवा आदि की उचित व्यवस्था करने के साथ ही गोशाला के आस-पास औषधीय व छायादार पौधे लगाने व उनके संरक्षण के निर्देश दिए।

### वीडीओ को चार्जशीट देने के निर्देश

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बरनावदा एवं कारोली घाटा में जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण किया। वहीं बरनावदा एवं सूरड़ी तलाई चौराहा पर सामुदायिक शौचालयों पर ताले लगे मिले। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को शौचालय अविलम्ब सुचारू करने, सरकारी बोरिंग मोटर डलवाकर पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने हैंडपम्पों, नालियों की बदहाल स्थिति एवं शौचालय पर ताला देख ग्राम विकास अधिकारी पवन वर्मा को चार्जशीट देने के निर्देश दिए।

### पेयजल व्यवस्था का लिया जायजा

कलेक्टर ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं पंचायतीराज विभाग के द्वारा लगाए गए सभी हेंडपंपों की नंबरिग करवाने तथा उन पर हेल्पलाइन नंबर लिखवाने तथा उपखंड क्षेत्र में सभी खराब हेंडपंपों की मरम्मत करवा कर जल आपूर्ति सुनिश्चित कर प्रगति रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर जिला कलेक्टर कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सभी सड़कों, दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों एवं बनास नदी पुलिया पर साईन बोर्ड लगवाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी जेईएन सुभाष शर्मा को दिए। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत गोठबिहारी में नर्सरी का अवलोकन कर उसकी प्रशंसा की। इस दौरान तहसीलदार धर्मेन्द तसेरा, ग्राम विकास अधिकारी राजाराम, पीएचईडी एईएन गीतराम, एईएन नरेगा सुबेन्द्र सिंह, पशु चिकित्सक नरेश गोयल, एसएचओ अमर सिंह, राजेन्द्र कुमार, पटवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR
निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर
Established by the Rajasthan State Legislature vide Act No.2 of 2017 and recognised U/s2(f) of the UGC Act 1956




# ADMISSIONS OPEN NOW 2024-25

More Information
+91 9289800300

- COMMERCE AND MANAGEMENT
- LEGAL STUDIES
- NURSING SCIENCES
- ALLIED HEALTH SCIENCES
- COMPUTER SCIENCE AND APPLICATIONS
- DENTAL SCIENCES
- AGRICULTURAL SCIENCES
- PARAMEDICAL SCIENCES
- ENGINEERING AND TECHNOLOGY
- ARTS, HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
- BASIC AND APPLIED SCIENCES
- PHARMACEUTICAL SCIENCES
- YOGA AND PHYSICAL EDUCATION

## SALIENT FEATURES

- Industry Oriented Programmes
- Lush Green Campus
- Modern Infrastructure
- Highly Qualified & Committed Faculty
- Hi-Tech Labs
- Interdisciplinary Research Cell
- Innovative Teaching-Learning
- Placement Cell
- Wi-Fi- enabled Campus & Hostel
- Separate Hostel for Boys'& Girls'
- Transportation Facilities
- Sports Facilities
- Extra-Curricular Activities
- Admissions through CUET 2024-25

25+ STATES | 20000+ STUDENTS' NETWORK

25 Yrs' OF EXCELLENCE IN HIGHER EDUCATION

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
सत्यमेव जयते
INDIAN NURSING COUNCIL
DENTAL COUNCIL OF INDIA
ASSOCIATION OF INDIAN UNIVERSITIES
HIGHER SCHOOL OF ECONOMICS NATIONAL RESEARCH UNIVERSITY
idp
sas

## CONTACT US :

MAIN CAMPUS : Nirwan University Jaipur, Near Bassi- Rajadhok Toll, Agra Road, Jaipur- 303305,
CITY OFFICE : 21, Sahkar Marg, 1st Floor, Near 22 Godam Circle, Jaipur – 302019 Rajasthan,
Call : +91 141- 2228000 | Email : info@nirwanuniversity.ac.in | Website : www.nirwanuniversity.ac.in

## जरूरी खबर

### पक्षियों को गर्मी से राहत के लिए बांधे परिंडे



**चाकसू।** कस्बे में भीषण गर्मी से पक्षियों को राहत देने के लिए शुक्रवार को विधायक रामावतार बैरवा व नगरपालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा कई जगहों पर परिंडे बांधे और अभियान शुरू किया। इस मौके पर विधायक बैरवा ने कहा कि गर्मी के दौरान पशुओं व पक्षियों को खाना व पानी मिलता रहे। इसके लिए आमजन के साथ कई संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। वही विधायक बैरवा ने कस्बे में मई के अंतिम सप्ताह तक कार्यकर्ताओं के माध्यम से 1100 परिंडे लगाने का संकल्प लिया।

### कलेक्टर ने कई जगहों पर जांची पेयजल व्यवस्था

**भीलवाड़ा।** जिले में निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति, इसके लिए जिला कलेक्टर नमित मेहता ने शुक्रवार को शहर के आजाद नगर में आमजन की चौखट पर जाकर पानी की समस्या के बारे में जानकारी ली और निरीक्षण किया। वहीं जिले भर में छोटे-छोटे कस्बों में भी उस क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने शहर के आजाद नगर के डी सेक्टर, डी, एफ व पन्नाधाय सर्किल के नजदीक कॉलोनी में की जा रही जलापूर्ति का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने स्थानीय लोगों से संवाद किया और पेयजल आपूर्ति, मात्रा व गुणवत्ता की जानकारी ली।

### राशन डीलर्स ने एमएलए के समक्ष रखी कई मांगें



**चाकसू।** राशन डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज गुर्जर के नेतृत्व में शिष्ट मण्डल विधायक रामवतार बैरवा से उनके निवास पर मिला। शिष्ट मण्डल ने अपनी समस्याओं को ज्ञापन विधायक को सौंपा। इसमें बताया गया कि वर्ष 2016 में दी गई मशीनों का बिल आज तक नहीं दिया गया है, वहीं वर्तमान में भी नई मशीन दी जा रही है, उसका बिल नहीं दिया गया है। साथ राशन की दुकानों पर इलेक्ट्रिक कांटे लगाए जा रहे है उसका बिल नही दिया जा रहा है। शिष्ट मण्डल ने बताया कि लंबे समय से राशन डीलर्स को समय पर कमीशन भी नही मिल रहा हैं। राशन डीलर्स की मासिक सैलरी 30 हजार रुपये प्रतिमाह दिलवाने का मुद्दा विधान सभा में उठाने की मांग रखी।

---

**एडीएम सिटी बीना महावर ने कलेक्टर की ओर से गठित कमेटी के अधिकारियों संग की चर्चा**

# ई-रिक्शा का तय होगा रूट व पार्किंग एरिया, ट्रैफिक होगा सुगम

**बेधड़क** | अलवर

आए दिन ई-रिक्शा चालकों के अव्यवस्थित तरीके से चलने पर प्रमुख मार्गों पर हो रहे जाम से अब शहर वासियों को जल्द ही छुटकारा मिलेगा। जिला प्रशासन ने इस व्यवस्था को सुधारने के लिए एक नया आदेश जारी किया है।

जल्द ही इसे अमल में लाया जाए, तो शहर के प्रमुख मार्गो में होने वाले जाम से शहरवासियों को तो छुटकारा मिलेगा ही, साथ ही ई-रिक्शा चालकों को भी सहूलियत रहेगी। अभी तक शहर में ई-रिक्शा के लिए कोई रूट व पार्किंग स्थल नहीं है। अलवर एडीएम सिटी बीना महावर ने बताया कि शहर में 4 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। जिनसे आए दिन शहर के मुख्य मार्ग व बाजारों में आवागमन अवरुद्ध होता है। शहर के व्यस्ततम मार्ग में ई-रिक्शा के चलते जाम की स्थिति पैदा ना हो, इस उद्देश्य से जिला कलेक्टर की ओर से एक कमेटी गठित की गई है। इस कमेटी की परिवहन विभाग, पुलिस अधिकारी, नगर निगम व यूआईटी के साथ संयुक्त बैठक की गई। जिसमें इन सभी मुद्दों पर चर्चा की गई।



बीना महावर ने बताया कि अलवर में संचालित ई-रिक्शा अब वही व्यक्ति संचालित कर पाएगा, जिसके नाम पर आरसी है। इससे पहले संज्ञान में आया कि कई लोग बिजनेस के रूप में भी ई-रिक्शा खरीद कर संचालित कर रहे हैं। इसके लिए भी जिला कलेक्टर की ओर से आदेश किए कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सोमवार से इस कार्रवाई की शुरुआत होगी।

### परिवहन विभाग ने प्रस्तावित किए रूट

एडीएम बीना महावर ने बताया कि कुछ रूट परिवहन विभाग की ओर से प्रस्तावित किए गए हैं। उस पर भी बैठक में चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से ई-रिक्शा की पार्किंग को लेकर जगह का निरीक्षण किया जाएगा। बीना महावर ने कहा कि ई-रिक्शा चालकों के लिए भी समस्या उत्पन्न हो रही है, लेकिन उनका भी एक अपना पक्ष हो सकता है। ई-रिक्शा चालकों का डेलिगेशन अगर इस बात पर विचार-विमर्श करने के लिए आता है, तो उनकी बात भी इस प्रकरण पर सुनी जाएगी। जल्द ही कमेटी की ओर से ई-रिक्शा चालकों का रूट व पार्किंग निर्धारित कर नियम लागू किया जाएगा।

### जाम से निपटने की कवायद

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि शहर में 4065 ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं। इसके लिए वाहन चालकों के पास लाइसेंस व रिक्शा का फिटनेस होना आवश्यक है। इसके लिए समय-समय पर विभाग की ओर से कार्रवाई की जाती है। पहले भी संज्ञान में आया है कि शहर में ई-रिक्शा के चलते जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। इस क्रम में कई बार मौके पर जाकर भी देखा गया है। शुक्रवार को जिला कलेक्टर की संयुक्त बैठक में इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही ई-रिक्शा चालकों को भी सहूलियत हो इस बारे में भी बात की गई। व्यवस्थित मार्ग व पार्किंग सुविधा उपलब्ध होने से ई रिक्शा चालकों को भी सहूलियत होगी। साथ ही ई-रिक्शा के व्यवस्थित मार्ग पर चलने से राहगीरों को भी जाम से निजात मिलेगा।

---

**ट्रेलर में सीमेंट के कट्टों की आड़ में रखा मिला नशे का जखीरा**

# 3.50 करोड़ रुपए कीमत का 22 क्विंटल डोडा-चूरा बरामद

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक ट्रक ट्रेलर से भारी मात्रा में नशे की खेप बरामद की है। सीमेंट के कट्टों की आड़ में मध्य प्रदेश से तस्करी कर लाया जा रहा 22 क्विंटल 22 किलो अफीम डोडा चूरा पुलिस ने जब्त कर लिया है। जिसकी कीमत करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि वांछित एवं इनामी बदमाशों की धर पकड़ तथा अवैध मादक पदार्थ, शराब एवं हथियार तस्करी की रोकथाम के लिए विभिन्न गिरोह से जुड़े सक्रिय बदमाशों के बारे में आसूचना संकलन के लिए पुलिस मुख्यालय से राज्य के शहरों में टीम भेजकर जानकारी हासिल की जा रही है।

गठित की गई टीम के सदस्य कांस्टेबल गोपाल लाल धाभाई व विजय सिंह को आसूचना के संकलन के दौरान मिली जानकारी पर आसींद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को यह कार्रवाई की गई। ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक के अंदर रद्दी के कट्टे भरे थे, लेकिन जब उन कट्टों को हटाकर देखा गया तो उनके नीचे से प्लास्टिक के कुछ कट्टे बरामद हुए। उन सभी कट्टों में डोडा चूरा भरा था, जिसका वजन 490 किलो ग्राम था। इधर, अवैध डोडा चूरा व तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर मौके से आरोपी शाहपुरा जिले के कनेछन कलां पुलिस थाना फुलिया कलां निवासी 36 वर्षीय रामरतन उर्फ रतन लाल पुत्र दुधा लाल गुर्जर को गिरफ्तार किया गया।



### टीम को मिली थी सूचना

एडीजी एमएन ने बताया कि टीम को जानकारी मिली कि कुछ तस्कर मध्य प्रदेश में किसानों से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में डोडा चूरा लाकर राजस्थान बॉर्डर स्थित किसी गोदाम पर इकट्ठा करते हैं। फिर वहां से बड़े ट्रक टैंकरों में सारा माल लोड कर किसी सामान की आड़ में राजस्थान के विभिन्न इलाकों में सप्लाई किया करते हैं। इस सूचना को डवलप करने के बाद शुक्रवार को एजीटीएफ टीम द्वारा सन्दिग्ध टैंकर का पीछा कर आसींद थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को पीछा करते देख टैंकर सवार आसींद से करीब 1 किलोमीटर पहले हाईवे सर्विस रोड पर गाड़ी को खड़ा कर फरार हो गए। गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें रखे सीमेंट के कट्टों के साथ छुपा कर रखे गए 109 प्लास्टिक के कट्टों से कुल 22 क्विंटल 22 किलो अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया गया। एडीजी श्री एमएन ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ से भरे टैंकर को थाना पुलिस की टीम ने जब्त कर लिया है। साथ ही फरार हुए आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है।

### रद्दी में छिपाकर ले जाया जा रहा 50 लाख का डोडा चूरा पकड़ा

**चित्तौड़गढ़।** जिले के गंगरार थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 490 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा जब्त किया। वहीं, पुलिस को देख ट्रक चालक ने ट्रक की रफ्तार बढ़ा दी। ऐसे में पुलिस ने ट्रक का पीछा किया। इस बीच खलासी ने चलते ट्रक से छलांग लगा दी, जिसे पुलिस ने दबोच लिया, जबकि चालक भागने में सफल रहा। इधर, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त डोडा चूरा की कीमत करीब 50 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस की ओर से बताया गया कि ट्रक में कागज की रद्दी से भरे कट्टों के नीचे मादक पदार्थों को छिपाया गया था। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम व धरपकड़ के तहत एएसपी परबत सिंह जैतावत व डीएसपी गंगरार रविन्द्र प्रताप सिंह के सुपरविजन में शुक्रवार को थानाधिकारी गंगरार मोती राम के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस चौगावड़ी पुलिया सर्विस रोड से गुजर रही थी, तभी एक ट्रक का चालक और खलासी पुलिस जीप को देखकर ट्रक को तेज गति से भगाने लगे। ऐसे में पुलिस उनका पिछा किया गया तो ट्रक का खलासी चलते ट्रक से कूदकर भागने लगा, जिसे दबोच लिया गया। पुलिस जाप्ते ने पैदल पीछा कर ट्रक रोका और ट्रक के आगे जीप को लगा। हालांकि, इस बीच मौका पाकर ट्रक चालक वहां से फरार हो गया।

---

**11 साल जांच के बाद ACB की कार्रवाई**

# जोहड़ निर्माण में लाखों का गबन, पूर्व सरपंच सहित 4 पर केस दर्ज

**बेधड़क** | जयपुर/चूरू



अकाल राहत कार्यों व एसजीआरवाई योजना के तहत 20 साल पहले जोहड़ निर्माण कार्यों के नाम से एक तत्कालीन सरपंच समेत पांच जनों ने मिलकर 5.50 लाख रुपए से ज्यादा की राशि का गबन कर दिया। वर्ष 2013 में दर्ज हुई दो प्राथमिकी की जांच के बाद अब 11 साल बाद एसीबी के अधिकारियों ने दो अलग-अलग केस दर्ज किए हैं। मामला चूरू के बीदासर पंचायत समिति के सांडवा ग्राम पंचायत का है।

एसीबी ने तत्कालीन सरपंच दौलत कंवर के खिलाफ दो और सरपंच के परिचित रामनारायण जाट, देवरावल सिंह व प्रभूराम माली के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में तत्कालीन उप सरपंच सुरेन्द्र सिंह की भी मिलीभगत थी, लेकिन उनकी मौत हो चुकी है। एसीबी ने दोनों मामलों में अब एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। दौलत कंवर सांडवा पंचायत में वर्ष 2005 से वर्ष 2010 तक सरपंच के पद पर कार्यरत थीं। आरोपियों ने मस्टरोल में नाबालिग स्कूली बच्चों का नाम लिखकर फर्जी अंगुठे व हस्ताक्षर करके दो अलग-अलग जोहट व प्रोटेक्शन वाल के निर्माण के नाम से भुगतान उठा लिया। एसीबी की जांच में सामने आया कि राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के पास एक पक्के जोहट के प्रोटेक्शन वाल का निर्माण कार्य एसजीआरवाई योजना के तहत स्वीकृत किया था। निर्माण कार्य के नाम से सरपंच दौलत कंवर ने रामनारायण जाट, देवरावल सिंह, प्रभूराम माली व उप सरपंच सुरेन्द्र सिंह से मिलकर 4.15 लाख रुपए का भुगतान उठा लिया। जबकि दौलत कंवर ने पीएचईडी विभाग के क्वार्टर की दीवार को तोड़कर उन ईटों का उपयोग प्रोटेक्शन वाल बनाने में लिया। हरीराम नायक से घटिया सामग्री की खरीद गई। खास बात है कि क्वार्टर को तोड़ने पर निकाले गए झरोखे, खिड़की व अन्य सामान रामनारायण व प्रभूराम ले गए। पड़ताल में सामने आया कि दौलत कंवर ने अकाल राहत कार्यों के तहत एक अन्य जोहट को जीर्णशीर्ण बताकर 1.41 लाख रुपए से ज्यादा की राशि का भुगतान उठा लिया।

---

**खाटूश्याम भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु, छप्पन भोग अर्पित**

# हारे के सहारे... आजा तेरा दास पुकारे

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे के वार्ड 12 स्थित आसोलाई कॉलोनी में श्याम प्रेमी महावीर स्वामी परिवार की ओर से दिन में सुंदरकांड पाठ एवं शाम को बाबा श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा का सुंदर दरबार सजाया गया तथा 56 भोग झांकी के साथ अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई।

श्याम बाबा की पूजा के बाद गायक कलाकार दिल्ली से सीमा शर्मा, अमृतसर से पप्पू शर्मा एवं दीपक जांगिड़ म्यूजिकल ग्रुप जयपुर की ओर से मनोहारी भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान 'हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे..., मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है..., जैसे मधुर भजनों पर श्याम भक्त नृत्य करने के लिए अपने आप को नहीं रोक पाए। भजन संध्या के बाद महा आरती की गई। वहीं महाप्रसादी सवामणी भोग वितरित किया गया। दरबार में आए हुए सभी श्याम भक्तों का स्वामी परिवार ने दुपट्टा पहना कर इत्र एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। आयोजन में स्कूल व्याख्याता चित्रगुप्त नारोलिया, पार्षद दिनेश शर्मा, श्रीश्याम निशान परिवार संघ के अमित बाहेती, पूर्व पार्षद नारायण सांवरिया, चाकसू थाने के बाबूलाल चौधरी, खो नागोरियां जगदीश चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।



---

**दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर चलाए लाठी-सरिए**

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, कई हुए घायल

**बेधड़क** | जोबनेर

जिले के ग्रामीण क्षेत्र के जोबनेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस झड़प में दोनों पक्षों के 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

सूचना पर जोबनेर थानाधिकारी करणी सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जोबनेर ले जाया गया, जहां पर घायलों का इलाज जारी है। वहीं, 4 लोगों की हालात गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल रेफर किया गया है। जोबनेर थाना पुलिस के अनुसार लंबे समय से जमीन के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद चल रहा था। इसको लेकर पुलिस थाने में दोनों पक्षों की ओर से शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी। मामले में पुलिस ने दोनों ही पक्षों के लोगों को पाबंद भी किया था। इसके बावजूद दोनों पक्षों के लोगों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठी, सरियों और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किए। पड़ोसियों ने इस मामले की सूचना जोबनेर थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को राजकीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच में जुट गई है।



### घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल

पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत बबेरवालों की ढाणी के गांव देवपुरा में दो दिन पहले ही दोनों पक्षों की ओर से जमीन बंटवारे के मामले को लेकर जोबनेर पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने दोनों ही पक्षों को थाने में बुलाकर पाबंद किया था। झगड़े में महिला, बच्चों समेत कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। दरअसल, एक ही परिवार के लोगों के बीच लंबे समय से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इसको लेकर कई बार थाने-तहसील भी हुए, लेकिन दोनों पक्षों में सहमति नहीं बनी।

---

**घूसखोर कांस्टेबल व एएसआई को दबोचा**

# रिश्वत की कालिख से खाकी को दागदार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

रिश्वतखोर सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से कार्रवाई लगातार जारी है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में घूसखोरों पर एसीबी की कड़ी नजर है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रदेश के दो जिलों में रिश्तव की कालिख से खाकी को दागदार करने वाले दो आरोपियों को एसीबी ने दबोचा है।

**बेधड़क** | डूंगरपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर टीम ने बिछीवाड़ा थाने के कांस्टेबल रोहित कटारा को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी कांस्टेबल रोहित कटारा हाईवे पर अवैध रूप से पेट्रोल डीजल बेचने वालों से वसूली कर रहा था। एसीबी ने उसके पास से रिश्वत में दिए 15 रुपए बरामद कर लिए।

एसीबी की उदयपुर की सीआई सोनू शेखावत ने बताया कि बिछीवाड़ा थाने के कांस्टेबल रोहित कटारा के खिलाफ परिवादी ने 29 अप्रैल को शिकायत दी थी। इसमें बताया गया था कि नेशनल हाईवे-48 पर अवैध रूप से पेट्रोल डीजल बेचने वालों से आरोपी कांस्टेबल रोहित कटारा जबरन रुपए मांग रहा है। शिकायत पर एसीबी ने मामले का सत्यापन करवाया। इसमें कांस्टेबल रोहित कटारा की ओर से रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।

इस पर पीड़ित व्यक्ति शुक्रवार को 15 हजार रुपए लेकर आरोपी कांस्टेबल रोहित कटारा को देने पहुंचा। कांस्टेबल ने रिश्वत के रुपए ले लिए। इसके बाद इशारा मिलते ही एसीबी की टीम थाने पर पहुंच गई। एसीबी ने आरोपी कांस्टेबल रोहित के कब्जे से रिश्वत में लिए 15 हजार रुपए बरामद कर लिए है। आरोपी कांस्टेबल ने पुलिस उपाधीक्षक और सीआई के नाम पर ये रिश्वत की मांग की थी। एसीबी की टीम आरोपी कांस्टेबल से पूछताछ कर रही है। कांस्टेबल के पकड़े जाते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

### 2018 में हुआ था भर्ती



आरोपी कांस्टेबल रोहित कटारा 2018 में पुलिस में कांस्टेबल के रूप में भर्ती हुआ था। इसके बाद वह 2022 से बिछीवाड़ा थाने में तैनात है। नेशनल हाईवे 48 पर अवैध रूप से पेट्रोल डीजल की धड़ल्ले से बिक्री होती है। इस पर पिछले दिनों पुलिस की ओर से कई कार्रवाई की गई थी। कांस्टेबल अवैध रूप से पेट्रोल डीजल बेचने वालों से ही वसूली कर रहा था।

### इधर, एएसआई ने थाने में ही बुलाकर ली पीड़ित से रिश्वत

**कोटा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने टोंक जिले में कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह रिश्वत महिला थाने में दर्ज हुए परिवाद के निस्तानांतरण के एवज में परिवादी से आरोपी ने लिए थे। आरोपी टोंक जिले के महिला थाने में तैनात एएसआई शंकरलाल है। जिसे मौके से ही एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी कोटा के एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार ने बताया कि उन्हें परिवादी ने शिकायत दी थी कि उनकी पत्नी ने टोंक महिला थाने में उनके और उनके परिवार के खिलाफ एक परिवाद दिया है। जिसके निस्तानांतरण के लिए एएसआई शंकरलाल 20 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सत्यापन कराया। जिसमें सौदा 15 हजार रुपए में तय हुआ। ऐसे में कार्रवाई के लिए शुक्रवार का दिन तय किया गया। इसको लेकर कोटा से एसीबी के डीएसपी ताराचंद और इंस्पेक्टर चंद्रकंवर और देशराज के नेतृत्व में टीम मौके पर भेजी गई। एसीबी के एएसपी विजय स्वर्णकार ने बताया कि आरोपी ने बिना किसी डर के परिवादी को रिश्वत लेकर थाने में ही बुला लिया। जहां थाने में ही बैखोफ होकर एएसआई शंकरलाल ने परिवादी से रिश्वत ले ली। इसके बाद परिवादी को उसका काम कर देने का वादा किया। परिवादी ने बाहर आकर एसीबी की टीम को इशारा किया। इशारा मिलने पर एसीबी की टीम ने आरोपी को थाने से ही दबोच लिया और उसके पास से रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली। आरोपी भी टोंक जिले का ही निवासी है। उसके घर पर भी एसीबी की टीम ने दबिश देकर तलाशी शुरू की है।



## जरूरी खबर

### अस्थाई अतिक्रमण हटाया, तीन ट्रक सामान जब्त



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम ने अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए शुक्रवार को कार्रवाई की। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में सतर्कता शाखा ने सिविल लाइन, हवामहल और किशनपोल जोन में कार्रवाई करते हुए सवाई जयसिंह हाइवे, बिहारी मार्ग पर लगे होटल के बोर्ड को हटाया। वहीं, अजमेर पुलिया के नीचे लगे कार्गो बुकिंग के अवैध काउंटर को भी हटाया गया। इसके अलावा दस्ते ने चांदपोल बाजार, शास्त्री नगर कांवटिया अस्पताल, गोविंद देव जी मंदिर के आस पास से सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थल से अस्थाई अतिक्रमण को हटाया और तीन ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा कराया गया। इस दौरान अतिक्रमियो से कुल छह हजार का चालान भी किया गया।

### गंदगी फैलाने पर 73 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 73251 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया। हेरिटेज निगम अभिषेक सुराणा के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने शुक्रवार को कार्रवाई की, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 60751 रुपए, चालान प्रकोष्ठ ने 8100 रुपए और वॉच राइडर ने 4400 रुपए का चालान किया। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जयपुर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए।

**गोविंद देवजी मंदिर में शुरू हुआ तीन दिवसीय उत्सव, राज्यपाल भी हुए शामिल**

# श्रीहित हरिवंश महाप्रभु के प्राकट्योत्सव पर बधाई गान

**बेधड़क | जयपुर**

गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु का 551वां प्राकट्योत्सव गोविंद देवजी मंदिर के सत्संग भवन में शुक्रवार से शुरू हुआ। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज, राज्यपाल कलराज मिश्र ने संतों के साथ गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु के चित्रपट के सामने दीप प्रज्वलन कर इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राधावल्लभ संप्रदायाचार्य छोटी सरकार गोस्वामी प्रेम कुमार महाराज, गोस्वामी हितेन्द्र कुमार महाराज व गोस्वामी प्रियांश महाराज सान्निध्य में बधाई गान और उछाल हुई। प्रवचन के बाद महाप्रभु चरित्र लीला का श्रवण कराया गया।



### प्रेम लक्षणा भक्ति का किया प्रचार

राधावल्लभ संप्रदायाचार्य छोटी सरकार गोस्वामी प्रेम कुमार महाराज ने प्रवचन में कहा कि गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु श्री राधावल्लभ संप्रदाय व श्री वृंदावन प्राकट्यकर्ता रासलीलानुकरण प्रवर्तक और कृष्ण वंशी के अवतार थे। वे एकमात्र ऐसे आचार्य थे, जिन्हें ब्रज में जन्म लेने का सुवसर मिला। यह वह दौर था जब सनातन धर्म पर अनेक अत्याचार हो रहे थे। सनातन विखंडित हो रहा था। ऐसे दौर में गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु ने प्रेम लक्षणा भक्ति का प्रचार करते हुए निकुंज सेवा को प्रकाशित किया।

### विवाहोत्सव लीला का आयोजन आज

श्रीहित समाज अध्यक्ष सुरेश टांक ने बताया कि शनिवार को बधाई और प्रवचन के बाद विवाहोत्सव लीला होगी। वहीं, 19 मई को श्री हित हरिवंश महाप्रभु का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। कमल मुकुट, किशोर कुमार, कैलाश चन्द सिंघल, स्वामी हरिराम कौशिक, रमेश चंद्र डेरे वाले, मोहित अग्रवाल, ललित मोहन अग्रवाल व अन्य ने पूजा-अर्चना की। राजेंद्र टांक, विष्णु टांक ने राज्यपाल को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अलबेली माधुरी शरण जी महाराज, बड़े भैया, त्यागी जी महाराज, डॉ. प्रशान्त शर्मा उपस्थित रहे।

**हेल्थ डिपार्टमेंट ने ड्रग कंट्रोलर और दो डीसीओ को दिया नोटिस**

# सील किए ब्लड बैंक से शिफ्ट नहीं कराया, 440 यूनिट 'खून' खराब







**बेधड़क | जयपुर**

गोपालपुरा सील ब्लड बैंक से शिफ्ट नहीं कराने के कारण 440 यूनिट पैक्ड रेड ब्लड सैल्स (पीआरबीसी) और 33 यूनिट प्लेटलेट्स (आरडीपी) खराब हो गई। इसमें ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक और दो डीसीओ नीरज कुमार और सुभाष चन्द दादरवाल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसे देखते हुए हेल्थ डिपार्टमेंट ने इन तीनों को 17CCA का नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है। दरअसल जयपुर के गोपालपुरा बाइपास पर जीवनदाता ब्लड सेंटर के नाम से ब्लड बैंक संचालित होता था। इस ब्लड बैंक का 50 लाख से ज्यादा किराया चढ़ने पर संचालक इसे 20 जनवरी को बंद करके चला गया। भवन के मालिक ने 29 जनवरी से 7 फरवरी के बीच 4 बार पत्र लिखकर ड्रग कंट्रोलर और आरएसबीटीसी जयपुर के विभागाध्यक्ष को सूचित किया।

### 29 जनवरी को की थी विजिट

लिखित शिकायत पर ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट की टीम ने 29 जनवरी को विजिट की। विजिट के समय वहां 600 यूनिट ब्लड था, जिसमें से 47 यूनिट ब्लड खराब हो चुका था। इस खराब ब्लड को टीम ने नष्ट करवाया, लेकिन शेष ब्लड को किसी दूसरे सरकारी हॉस्पिटल या ब्लड बैंक सेंटर पर शिफ्ट नहीं करवाया।

### रिपोर्ट में कोई उल्लेख नहीं

इस विजिट के बाद टीम ने अपनी जो रिपोर्ट तैयार की उसमें ये उल्लेख नहीं किया कि बंद पड़े ब्लड बैंक में खराब ब्लड के बाद कितना ब्लड कोम्पोनेंट मौजूद है। इस दौरान ब्लड उसी बिल्डिंग में पड़ा रहा और विभाग ने 8 फरवरी को इसका लाइसेंस निरस्त कर दिया।

### 17CCA की चार्टशीट जारी कर मांगा जवाब

29 जनवरी से 8 फरवरी के दौरान भवन में रखी 440 यूनिट पैक्ड रेड ब्लड सैल्स (पीआरबीसी) और 33 यूनिट प्लेटलेट्स (आरडीपी) खराब हो गई। इसके बाद 8 फरवरी की रात को जब ड्रग कंट्रोलर की टीम 8 फरवरी को दोबारा देर रात पहुंची तो वहां मौजूद तमाम ब्लड को एसएमएस पहुंचाया, जहां पता चला इतना ब्लड खराब हो चुका है। इस तरह ड्रग डिपार्टमेंट के अधिकारियों की लापरवाही के कारण 10 दिन के अंदर 440 यूनिट ब्लड और 33 यूनिट प्लेटलेट्स खराब हो गई। इस प्रकरण को गंभीर मानते हुए मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की अनुशंसा पर एसीएस शुभ्रा सिंह ने इन तीनों को 17सीसीए की चार्टशीट जारी करते हुए जवाब मांगा।

**लापरवाह दुकानदारों के चालान**

# घर से संचालित अवैध बूचड़खानों को किया सील



**बेधड़क | जयपुर**

नगर निगम हेरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा की टीम ने शुक्रवार को आदर्श नगर जोन में घर से संचालित अवैध बूचड़खाने को सील किया और साथ ही लापरवाही बरतने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई भी की।

नगर निगम हेरिटेज की मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेहा ने बताया कि शहर के अंदरूनी इलाकों में अवैध रूप से मीट और मांस बेचने की शिकायत सामने आई थी। इसके बाद शहर के अलग-अलग इलाकों में औचक निरीक्षण कर गलत तरीके से मीट और मांस बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान धन्ना दास जी की बगीची में घर से संचालित अवैध बूचड़-खाने को सीज कर संचालक को नोटिस जारी किया गया।

वहीं, 6 अलग-अलग दुकानों को नियमों के विपरीत मीट और मांस रखने और बेचने पर लगभग 70 किलो मांस जब्त और नष्ट कर सभी के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पशु प्रबंधन समिति के उपायुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि जल्द ही आवारा पशुओं और शहर में संचालित हो रही अवैध डेरियों के खिलाफ भी अभियान चलाया जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**ठिकाना मंदिर श्री रामचन्द्र जी में जानकी नवमी मनाई**

## चरण दर्शन कर भाव विभोर हुए भक्त

**बेधड़क | जयपुर**

ठिकाना मंदिर श्री रामचन्द्र जी चांदपोल बाजार में शुक्रवार को सीताजी का जन्मदिवस जानकी नवमी मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मां सीतां के चरणों के दर्शन किए। चरण कमल के दर्शन साल में केवल जानकी नवमी के दिन ही होते हैं। संध्या आरती के समय 21 हवाई तोप की सलामी दी गई। महंत नरेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रातः 11 बजे ठाकुरजी का मंत्र पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद रजवाड़े के समय के आभूषण, राजसी जामे आदि से श्रृंगार किया जाएगा। जन्म के बाद सीताजी को पचरंगी पोशाक, जेवर, मेहंदी, टीका, ओढ़नी, कंगन आदि चढ़ाए गए। दोपहर 2 बजे जन्म आरती की गई। इसके बाद श्री रामदरबार के 56 भोग लगाया गया। श्री रामदरबार को विशेष फूलों के बंगले में बिराजमानकर संध्या आरती के समय 21 हवाई तोप की सलामी दी गई।



**स्टूडेंट्स में दिखाई दिया जोरदार उत्साह**

## निर्वाण विवि में ICICI बैंक की प्लेसमेंट ड्राइव

**बेधड़क | जयपुर**

निर्वाण विश्वविद्यालय में आईसीआईसीआई बैंक और एनआईआईटी दिल्ली के सयुंक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट ड्राइव चलाई। इसमें आईसीआईसीआई बैंक के विभिन्न पदों के लिए एनआईआईटी की सीनियर मैनेजर मिस आयुषी जॉय और टीम ने विश्वविद्यालय में बीएससी एग्रीकल्चर, एमबीए फाइनल इयर स्टूडेंट्स का चयन कर उन्हें ऑफर दिया। इस अवसर पर निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसएल सिहाग ने स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी। सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ. आरके अरोड़ा ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक और एनआईआईटी के साथ मिलकर विश्वविद्यालय स्टूडेंट्स के लिए रोजगार के नवाचार स्थापित करेगा। इस अवसर पर जिन स्टूडेंट्स का जॉब प्लेसमेंट के लिए चयन हुआ, उन सभी को आगे की तैयारी के लिए विश्वविद्यालय यथोचित संसाधनों से सहायता करेगा। गौरतलब है कि निर्वाण विश्वविद्यालय में विभिन्न रोजगारोन्मुखी कोर्सेज संचालित हैं। सभी कोर्सेज के साथ रोजगार के लिए कंप्यूटर स्किल, कम्यूनिकेशन स्किल और पर्सनेलिटी डेवलपमेंट की तैयारी भी करवाई जाती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की आइक्यूएसी डाइरेक्टर प्रो. अपर्णा दीक्षित, प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. प्रवेश कुमार, एग्रीकल्चर डीन प्रो. विनोद शर्मा, प्रिंसिपल एग्रीकल्चर डॉ. दीपक शर्मा, डीन कॉमर्स एंड मेनेजमेंट प्रो. रविकांत मोदी, डॉ. विजय लक्ष्मी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



**आरबीएसके कार्यक्रम के तहत एमओयू**

# राज्य के 18 साल तक के बच्चों की गुजरात में होगी मुफ्त हार्ट सर्जरी

**बेधड़क | जयपुर**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा गुजरात के श्री सत्यसाईं हृदय हॉस्पिटल, अहमदाबाद एवं राजकोट, गुजरात (प्रशान्ति मेडिकल सर्विसेज एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन) के बीच गुरुवार को एमओयू का नवीनीकरण किया गया। इस एमओयू के माध्यम से प्रदेश में आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के तहत हृदय रोग से पीड़ित 3 माह से 18 वर्ष तक के बच्चों व किशोर-किशोरियों को निःशुल्क हर्ट सर्जरी की सुविधा मिल सकेगी। गौरतलब है कि श्री सत्यसाईं हृदय हॉस्पिटल द्वारा वर्ष 2022-23 में 289 एवं वर्ष 2023-24 में 177 हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का निःशुल्क उपचार किया गया।



### दुर्लभ रोगों से पीड़ित बच्चों का कराया जाता है इलाज

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्मिकों की मोबाइल टीमों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों, मदरसों, राजकीय स्कूलों में प्रत्येक बच्चे की हेल्थ स्क्रीनिंग की जाती है एवं जन्मजात दुर्लभ रोगों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें उच्च चिकित्सालयों में सम्पूर्ण उपचार निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाता है। इसी क्रम में प्रदेश में हेल्थ स्क्रीनिंग में हृदय रोग से पीड़ित 18 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को गुजरात के श्री सत्यसाईं हृदय हॉस्पिटल में भी निःशुल्क हर्ट सर्जरी की सुविधा मिलेगी।

### आने-जाने का खर्च भी सरकार उठाएगी

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि हर्ट सर्जरी के लिए 3 माह से 6 वर्ष तक की उम्र के रोगी बच्चे के साथ 2 परिजन तथा 6 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे के साथ 1 परिजन को सरकार द्वारा उनके घर से गुजरात तक एवं पुनः लौटने तक की परिवहन सुविधा तथा अन्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवायी जाती हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर एवं श्री सत्य साईं हर्ट हॉस्पिटल की ओर से श्री सत्यसाईं ट्रस्ट राजस्थान के सदस्य नीरज बत्रा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एडवोकेट अभिषेक सिंह, सदस्य प्रेस क्लब, संयुक्त निदेशक चिकित्सा प्रशासन डॉ. आरएन मीणा एवं परियोजना निदेशक आरबीएसके डॉ. मुकेश डिग्रवाल सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक वर्चस्व की लड़ाई का मैदान बना बॉलीवुड!




**जावेद अनीस**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


यह भारतीय राजनीति और समाज के लिए भारी उठापटक भरा दौर है। साल 2014 के बाद से एक राष्ट्र और समाज के तौर पर भारत को पुनर्परिभाषित करने के सुव्यवस्थित प्रयास किए गए हैं, जाहिर है इससे फिल्में भी अछूती नहीं हैं। इस दौरान हिन्दुस्तान का सॉफ्ट पावर कहे जाने वाला हिंदी सिनेमा को सॉफ्ट टारगेट बनाया गया। कभी देवताओं की तरह पूजे जाने वाले उसके सितारों को घृणा और बायकॉट अभियानों का शिकार बनाया गया, तो कभी हिंदी सिनेमा को हिन्दू-मुस्लिम की साम्प्रदायिक बहस की चपेट में धकेला गया। देश में अचानक ऐसी फिल्मों की बाढ़ आ गई, जिसमें मुसलमानों, वामपंथियों और उदारवादियों को खलनायक के तौर पर पेश किया गया है। इन सबका जुड़ाव 2014 के भगवा उभार, बॉलीवुड में खान सितारों के वर्चस्व व फिल्मी दुनिया की धर्मनिरपेक्ष मिजाज से है, जो हिन्दुत्ववादियों को कभी भी रास नहीं आई। दरअसल पिछले दस वर्ष में हिंदी सिनेमा को सांस्कृतिक वर्चस्व की लड़ाई का मैदान बना दिया है। इसके पीछे कई कारण हैं, इसमें कोई संदेह नहीं कि आजादी के बाद दशकों तक भारतीय सिनेमा पर नेहरुवादी समाजवाद और वामपंथी प्रभाव रहा है। अब सत्ता के केंद्र में आने के बाद हिन्दुत्ववादी ताकतें सिनेमा के इस सॉफ्ट पॉवर को सीधे तौर पर नियंत्रित करते हुए इसका अपने तरीके से उपयोग करना चाहती हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जो खुद को एक सांस्कृतिक संगठन के तौर पर पर पेश करता है, बॉलीवुड को धर्मनिरपेक्षता के गढ़ के रूप में देखा जाता रहा है और लम्बे समय से इसके मिजाज को बदलने का मंसूबा पाले हुए है।

एक और कारण बॉलीवुड के शीर्ष तीन 'खान' सुपरस्टार हैं, जो नब्बे के दशक से बॉलीवुड और दर्शकों के दिलों पर राज कर रहे हैं और जिनके प्रशंसक धार्मिक सीमाओं से परे हैं। इन तीन सितारों की अभूतपूर्व लोकप्रियता हैरान कर देने वाली है और वे हमें पुरानी सुपरस्टार तिकड़ी राज कपूर, देव आनंद और दिलीप कुमार की याद दिलाते हैं। इतने व्यापक ध्रुवीकरण वाले समय में भी हिंदी सिनेमा की इस अनोखी स्थिति को लेकर हिन्दुत्ववादियों की चिढ़ समझी जा सकती है। इसलिए पिछले एक दशक से खान सितारे लगातार उनके निशाने पर बने रहे हैं।

> *कुछ और फिल्में भी लाइन में हैं, जिनमें 'रजाकर: साइलेंट जेनोसाइड ऑफ हैदराबाद' प्रमुख रूप से शामिल है, जिसका निर्माण भाजपा तेलंगाना राज्य कार्यकारी समिति के सदस्य, गुडुर नारायण रेड्डी द्वारा किया गया है। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय और आरएसएस के संस्थापक डॉ. हेडगेवार की जीवनी पर भी फिल्में बन रही हैं, लेकिन इन तमाम प्रयासों के बावजूद बॉलीवुड की पुरानी जमीन अभी भी बची हुई है।*

इस दौरान सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाना या उनकी फिल्मों के बहिष्कार की मांग बहुत आम रही है। दिवगंत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की रहस्यमयी मौत के बाद तो बॉलीवुड के खिलाफ सुनियोजित बायकॉट अभियान चलाया गया, जिसमें पूरी फिल्म इंडस्ट्री को नशेड़ी और अपराधियों के नेटवर्क के तौर पर पेश करने की कोशिश की गई। इस संबंध में बीबीसी द्वारा किए गए पड़ताल में पाया गया कि बॉलीवुड और उसके कलाकारों के खिलाफ किसी योजना के तहत एक नकारात्मक अभियान चलाया गया। बॉलीवुड के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने वाले अधिकतर लोग बहुसंख्यक दक्षिणपंथी विचारधारा के हैं और उनका जुड़ाव सत्ताधारी पार्टी से भी है। बायकॉट अभियान को समझने के लिए दक्षिणपंथी न्यूज पोर्टल 'ऑपइंडिया' में 'बायकॉट बॉलीवुड- क्या यह वास्तव में आवश्यक है?' शीर्षक से प्रकाशित लेख का जिक्र है, जिसमें चिंता जाहिर की गई है कि बायकॉट अभियान की वजह से पूरी फिल्म इंडस्ट्री का विरोध ठीक नहीं है, लेख में असली दुश्मन को पहचानने की सलाह दी गई है, जाहिर है वो दुश्मन तीनों खान और उनका स्टारडम है। दरअसल पिछले एक दशक में हिन्दुत्ववादी एजेंडे पर आधरित फिल्मों को भाजपा के केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जबरदस्त तरीके से प्रचार किया जाता रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक शामिल रहते हैं, लेकिन 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का एक खेमा संघ और भाजपा विचारधारा पर केन्द्रित ऐसी फिल्मों का निर्माण कर रहा है जो बहुत ही खुले तौर पर साम्प्रदायिक विभाजन के नैरेटिव को बढ़ावा देती हैं। इन फिल्मों की फेहरिस्त में द एक्सिडेन्टल प्राइम मिनिस्टर, द केरला स्टोरी, द कश्मीर फाइल्स, पीएम नरेन्द्र मोदी, 72 हूरें, द वैक्सीन वार, मैं अटल हूं, स्वातन्त्र्यवीर सावरकर, आर्टिकल 370, बस्तर-द नक्सल स्टोरी जैसी फिल्में प्रमुख रूप से शामिल हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' रिलीज हुई जिसको लेकर दावा किया गया है कि फिल्म पिछले 60 वर्षों से भारत में व्याप्त माओवाद-नक्सलवाद वामपंथ के गहरे गठजोड़ को उजागर करती है, फिल्म के निर्देशक सुदीप्तो सेन हैं, जिनकी पिछली फिल्म 'द केरला स्टोरी' भी काफी विवादित रही थी। इसी प्रकार से 'जेएनयू: जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, जिसे बाद में स्थगित कर दिया गया, इसी प्रकार से गोधरा कांड पर बनी फिल्म 'एक्सीडेंट ऑर कॉन्सपिरेसी गोधरा' जो इस साल मार्च को रिलीज होने वाली थी, सेंसर बोर्ड सर्टिफिकेट ना मिलने की वजह से तय समय रिलीज नहीं हो पाई। इस दिशा में साल 2023 के शुरू में रिलीज हुई फिल्म 'पठान' ने बॉयकॉट अभियान के चक्रव्यूह को तोड़ने का काम किया है और एक प्रकार से मुश्किल में पड़े बॉलीवुड के वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बॉलीवुड अपनी पहचान को बनाए रखने में कामयाब रहेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## 50 बरस पहले आज ही के दिन हुआ था

# पोकरण में पहला परमाणु परीक्षण




**गुलाब बत्रा**
वरिष्ठ पत्रकार


पचास बरस पहले वह भी शनिवार का दिन था। रेत के समंदर से नई दिल्ली में किए गए फोन से केवल एक वाक्य कहा गया- बुद्धा इस्माइलिंग- यानि बुद्ध मुस्कराए। इस फोन से कुछ देर पहले थार मरूस्थल की धरती कांपी थी और बाद की खबर से दुनिया धमक गई। बुद्ध पूर्णिमा का वह दिन था 18 मई 1974 जब पश्चिमी राजस्थान की पोकरण फायरिंग रेंज में भारत ने पहला परमाणु परीक्षण किया। नया इतिहास रचने वाली तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का परमाणु परीक्षण स्थल के दौरे ने कभी ऊंघते हुए शहर के रूप में अभिशप्त जैसलमेर को विश्व पर्यटन मानचित्र पर अंकित कर दिया। संयोगवश अब 18 मई 2024 का दिन भी शनिवार है, जब पचास बरस पहले परमाणु परीक्षण का ऐतिहासिक पृष्ठ जुड़ा। हालांकि इस बार बुद्ध पूर्णिमा 23 मई को होगी।

इस ऐतिहासिक घटना के ठीक 24 वर्ष बाद 11 एवं 13 मई 1998 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में पांच परमाणु परीक्षण करके नया अध्याय जोड़ा गया। देश ने दोनों बार भारत पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों की परवाह नहीं की। इंदिरा गांधी की तरह तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी परमाणु परीक्षण स्थल का अवलोकन करने गए थे। वाजपेयी ने 1965 में भारत पाक युद्ध के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रसिद्ध नारे- जय जवान! जय किसान! में जय विज्ञान! शब्द जोड़ने की घोषणा की थी। वाजपेयी 21 मई 1998 को पोकरण आए थे। उस समय तत्कालीन रक्षामंत्री जॉर्ज फर्नांडीस, राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल दरबारा सिंह और मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत एवं डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम भी प्रधानमंत्री वाजपेयी के साथ आए थे। संयोगवश यह लेखक न्यूज एजेंसी यूनीवार्ता, यूएनआई के प्रतिनिधि के नाते जयपुर से गई प्रेस पार्टी में सम्मिलित था। भूमिगत गहरे परीक्षण स्थल से बाहर आते समय लेखक के प्रश्न-'इस धरती पर आकर आपको क्या अनुभूति हुई' के उत्तर में पीएम वाजपेयी ने हथेली से 'वी' की मुद्रा बनाकर कहा- जय जवान! जय किसान! और जय विज्ञान!

> *सफल परमाणु परीक्षण के बाद पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए पीएम वाजपेयी ने हथेली से 'वी' का साइन बनाकर कहा- जय जवान! जय किसान! और जय विज्ञान! फील्ड फायरिंग रेंज में सैनिक सम्मेलन तथा पोकरण की जनसभा में भी वाजपेयी ने इसी नारे का उद्घोष किया।*





फील्ड फायरिंग रेंज में सैनिक सम्मेलन तथा पोकरण की जनसभा में भी वाजपेयी ने इसी नारे का उद्घोष किया। भारत के पहले परमाणु परीक्षण के अत्यंत गोपनीय अभियान में 1967 से 1974 के वर्षो में लगभग 75 वैज्ञानिक और इंजीनियर दिन-रात मिशन में जुटे रहे। भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के तत्कालीन निदेशक डॉ.राजा रामन्ना प्रोजेक्ट हैड तथा भौतिक विज्ञानी पी के आयंगर ने इसका डिजाइन तैयार किया था। इस टीम में भारत के राष्ट्रपति रहे डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भी शामिल थे, जिन्होंने मिसाइल मैन के रूप में 1998 के पांच परमाणु परीक्षणों से अमेरिकी सेटेलाईट को भी धत्ता बताया। पहले परमाणु परीक्षण पर निगाह रखने के लिए परीक्षण स्थल से लगभग पांच किमी दूर बनाए गए मचान पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं सैन्य अधिकारी विराजमान थे। इस परमाणु बम का व्यास लगभग सवा मीटर और वजन 1400 किलोग्राम था। सेना इसे बालू रेत में छिपाकर परीक्षण स्थल पर लाई। परीक्षण की आखिरी तैयारी देखने के लिए वैज्ञानिक वीरेन्द्र सेठी को साईट पर भेजा गया, लेकिन जीप स्टार्ट नहीं होने पर शनिवार 18 मई 1974 को सुबह 8.00 बजे निर्धारित समय के पांच मिनट बाद परीक्षण होते ही धूल का गुबार उठा तथा थार मरूस्थल में से 8 से 10 किलोमीटर दूर तक धरती कांप उठी। क्षेत्रीय जनता हतप्रभ थी। भारत सरकार की घोषणा से इस परीक्षण की जानकारी मिली। चूंकि भारत पीटीबीटी समझौता करने वाले देशों में शामिल था।

लिहाजा ऐसे देश किसी वातावरण में परीक्षण नहीं कर सकते थे। वातावरण से अभिप्राय इसमें आसमान पर, पानी के अंदर, समुद्र शामिल थे। तब भारत ने कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाया और भूमिगत परीक्षण करके अपना लक्ष्य पूरा करने के साथ विश्व को चौंकाया। डॉ.राजा रमन्ना की आत्मकथा 'इयर्स ऑफ पिलिग्रिमिज' के अनुसार पहले परमाणु परीक्षण के इस अत्यंत गोपनीय प्रोजेक्ट की जानकारी इंदिरा गांधी, उनके मुख्य सचिव पीएम हकसर, पीएन धर, वैज्ञानिक सलाहकार डॉ.नाग चौधरी, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के निदेशक एचएन सेठना तथा खुद डॉ.राजा रमन्ना तक सीमित थी। तत्कालीन रक्षामंत्री जगजीवन राम को भी परीक्षण के पश्चात सूचित किया गया।

पर्यटन की दृष्टि से इस परमाणु परीक्षण का अप्रत्यक्ष लाभ जैसलमेर को मिला। परमाणु परीक्षण स्थल का अवलोकन करके इंदिरा गांधी अचानक जैसलमेर पहुंची और कलात्मक शिल्प सौंदर्य युक्त पटुवों की हवेली देखी। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी को पत्र लिखकर इस विरासत के सरंक्षण, संवर्द्धन के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। तभी से कदम दर कदम पीले पत्थरों से बना जैसाण दुर्ग तथा रेतीले समंदर से सना जैसलमेर देशी-विदेशी सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र बन गया। मरू मेले ने तो इसकी ख्याति में चार चांद लगा दिए हैं। जैसलमेर आज पर्यटन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# सत्ता की रेवड़ी यूं ही नहीं मिलती...




**राजेंद्र बज**
व्यंग्यकार


राजनीति की पगडंडी पर सत्ता की रेवड़ी आसानी से नहीं मिला करती। बहुत पापड़ बेलने पड़ते हैं,। जाने किन-किन को झेलना होता है, और तो और चाहे नीति और सिद्धांतों से समझौता करना पड़े - लेकिन गिरे हुए को गले लगाना होता है। नाना प्रकार के स्वांग रचते हुए राजनीति के रंगमंच पर ता-ता थैया करना पड़ता है। सक्रिय राजनीति का पहला उसूल यह है कि समस्याओं का जायजा लिया जाए। जी हां, ऐसा जायजा लेने के उपरांत ही राजनीति परवान चढ़ा करती है और राजनीति को जायकेदार बना देती है। बिना जायजा लिए सत्ता का जायका नहीं लिया जा सकता। राजनीति में यह जगजाहिर करना होता है कि हम समाज के अंतिम से अंतिम व्यक्ति का कल्याण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राजनीति की प्रचलित परंपरा में कई प्रकार के जुमले उपयोग में लाए जाते हैं। जनता को भांति-भांति के सब्जबाग दिखाने होते हैं। यही नहीं अपितु अलग-अलग प्रकार के मुखोटे भी धारण करना होते हैं। बस यूं समझिएगा कि एक ओर जहां चोर से कहना होता है कि चोरी कर और साहूकार से कहना होता है कि जागते रहना। जब तक राजनीति में चित और पट दोनों अपनी नहीं होगी, तब तक एक लंबे संघर्ष में जीवन खपाना होगा। ऐसे में बेहतर यही रहेगा कि देश-प्रदेश की राजधानी के किसी नेता को अपना आका बना लिया जाए। आका की जब चेत जाएगी, अपनी राजनीति की बगिया में भी पुष्प खिल ही जाएंगे। हमें अपने तकिया कलाम भी बदलने होंगे। बात को घुमा फिरा कर अपने स्वार्थ के अर्थ में तब्दील करना होता है। ठीक है, देख लेंगे, समझ लेंगे और हो जाएगा - इन शब्दों का प्रयोग भी बारंबार करना होगा। अवसर की नजाकत को भांपते हुए आश्वासनों की बरसात करना होगी। वादे पर वादे करते हुए सत्ता पाने के इरादों को साकार स्वरूप देने की दिशा में ठोस कदम उठाना होंगे। दिन के उजाले में गरीब के घर भोजन करना होगा, यह अलग बात है कि फिर फाइव स्टार होटल में चक मस्ती छानी जा सकती है। खैर, राजनीति में कोई यूं ही सफल नहीं हो जाता। बहुत धैर्य धारण करना होता है। जब तक सत्ता का रसास्वादन नहीं कर लेते, तब तक राजनीति में खाक छानना पड़ती है। उसके पश्चात तो बिल्कुल वारे-न्यारे ही समझो!

मानो या न मानो लेकिन यही आजकल की राजनीति का गुरु मंत्र है। जब-जब भी मैं किसी सत्तासीन को देखता हूं, उसके द्वारा जो राजनीतिक संघर्ष किए गए हैं - उसकी कल्पना सहज ही कर सकता हूं। दरअसल सत्ता में विराजित शख्सियत को लगातार इस बात की आशंका रहा करती है कि जाने कब और कैसे कहीं वह भूतपूर्व न हो जाए ! यही कारण है कि भूतपूर्व हो जाने के डर के चलते मैं अपने गुरु मंत्र को कतई आत्मसात नहीं करता। इसलिए जिस किसी शख्सियत का दिल राणा सांगा की भांति हो, उसे इन गुरू मंत्रों को अपने जीवन में उतार कर अपनी भावी पीढ़ियों का कल्याण अवश्य करना चाहिए। वैसे भी सत्ता की रेवड़ी हर किसी को बार-बार नहीं मिला करती। इसलिए एक बार, बस एक बार भी अवसर हाथ आ जाए, तो उसे व्यर्थ न जाने दीजिएगा।

**नॉलेज कॉर्नर:** बड़े राजनेताओं सहित फिल्मी सितारे भी चखते हैं इसका स्वाद

# ऐसे प्रचलन में आया सुप्रसिद्ध 'लिट्टी-चोखा'

यूं तो लोगों पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव पड़ रहा है, जिसमें भोजन भी शामिल है। बात यदि बिहार के पारंपरिक भोजन लिट्टी-चोखा की करें तो इसका इतिहास काफी पुराना है। आमतौर पर भारत में आज भी पारंपरिक व्यंजनों को तरजीह दी जाती है। इसका मुख्य उदाहरण है लिट्टी चोखा, जो कि बिहार का लोकप्रिय और पारंपरिक खाना है। कहा जाता है कि चंद्रगुप्त मौर्य के समय यह प्रचलन में आया। आटे की लिट्टी तथा बैंगन व आलू से बना चोखा पुराने जमाने से लेकर आधुनिक समय के लोगों की पसंद बना हुआ है। चाणक्य, रानी लक्ष्मी बाई से लेकर देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बड़े फिल्मी सितारों ने भी इसका स्वाद चखा है। अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### दो अलग व्यंजनों का मिश्रण

लिट्टी जहां आटे की लोई से बनाया जाता है, इसकी खास बात यह है कि इसमें सत्तू का मिश्रण तैयार कर भरा जाता है, इसी के कारण लिट्टी के स्वाद और अधिक बढ़ जाता है। वैसे लिट्टी-चोखे का नाम एक साथ लिया जाता है, मगर यह दो अलग व्यंजनों का मिश्रण है। वहीं चोखा एक प्रकार की सब्जी होता है, जिसे आलू तथा बैंगन को भूनकर बनाया जाता है। बिहार और उत्तर प्रदेश राज्य के विशेष व्यंजनों में इसकी गिनती की जाती है। इसे किसी भी समय खाया जा सकता है। यह भोजन दाल-बाटी से मिलता जुलता है, मगर इसमें भरा गया सत्तू इसे उससे अलग बनाता है। यह व्यंजन मौर्य काल से ही प्रसिद्ध है। लिट्टी एक बिहारी व्यंजन है, जिसे देसी घी में डुबोकर चोखे के साथ खाने की परंपरा है। चोखा स्वाद में बैंगन के भरते की तरह होता है, जिसे बिहार में लिट्टी के साथ, उत्तर प्रदेश में परांठे के साथ तथा राजस्थान में दाल-बाट्टी के साथ सेवन किया जाता है।




### बहुत पुराना इतिहास

चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में इसे प्रसिद्धि मिली। माना जाता है कि लिट्टी-चोखा बनाने की शुरुआत मगध काल में हुई थी। कहा जाता है कि जब सैनिक युद्ध के दौरान जाते थे, तो भोजन में लिट्टी-चोखा लेकर जाते थे। इसका मुख्य कारण यह है कि यह जल्दी खराब नहीं होती थी तथा इसे बनाना और पैक करके ले जाना भी काफी आसान था। वर्ष 1857 की क्रांति के समय भी लिट्टी-चोखा खाने का जिक्र मिलता है। इतिहासकारों की मानें तो तात्या टोपे और रानी लक्ष्मी बाई के सैनिक भी लिट्टी चोखा खाना पसंद करते थे। वर्तमान में इसे शाकाहारी भोजन के रूप में वैश्विक पहचान मिल चुकी है।

**बिहार का मुख्य भोजन**

*लिट्टी चोखा के अलावा भी बिहार में कई प्रकार के व्यंजन तैयार किए जाते हैं। जैसे- चावल, दाल, रोटी, भाजी और अचार। यहां के लोग चावल, शाक-फलियों से बनी सब्जी अधिक पसंद करते हैं। इसके अलावा चूड़ा भूंजा, खिचड़ी, मखाना, झाल मुरी तथा सत्तू पेय यहां का पारंपरिक नाश्ते हैं।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
यूपी में सपा का सिद्धांत था- वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया, जबकि भाजपा की डबल इंजन सरकार में माफिया पानी मांगता फिर रहा है।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से बदसलूकी की जो घटना हुई है, वह निंदनीय है। इस घटना को दबाने की कोशिश की जा रही है। यह परिवारवादी लोग हैं, इनके यहां महिलाओं का सम्मान नहीं होता है। देश की जनता सब देख रही है। कांग्रेसियों का गठबंधन नहीं बल्कि भ्रष्टाचारियों, लूट और झूठ वालों का ठगबंधन है। इनके यहां युवा, किसान और मजदूर की कोई चिंता नहीं करता है। जनता इनको कभी देश की सत्ता में नहीं आने देगी।

### विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मुंबई में रैली आयोजित कर दिखाई सियासी ताकत, खरगे समेत कई नेता हुए शामिल

## BJP जीती तो सुप्रिया सुले, शरद पवार व उद्धव भी जाएंगे जेल: केजरीवाल

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के मतदान से पूर्व शुक्रवार को मुंबई में विपक्षी गठबंधन इंडिया ने रैली आयोजित कर अपनी सियासी ताकत दिखाई। इस रैली में विपक्षी दलों के कई दिग्गज जुटे। रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, एनसीपी नेता शरद पवार पहुंचे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रैली को संबोधित करते हुए भाजपा पर पर जोरदार हमला बोला। रैली को संबोधित करते हुए सीएम केजरीवाल ने कहा कि ये केजरीवाल को जेल में रखना और दिल्ली के लोगों को मुफ्त बिजली से वंचित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जेल में मेरे रक्त शर्करा का स्तर बढ़ गया, लेकिन मुझे 15 दिनों तक इंसुलिन का इंजेक्शन नहीं दिया गया। उन्होंने दावा किया कि नरेंद्र मोदी के बाद देश का पीएम अमित शाह को बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर 4 जून को भाजपा जीतती है, तो सुप्रिया सुले, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे जेल भी जाएंगे। क्योंकि भाजपा एक-एक करके सभी विपक्षियों को निशाना बना रही है।



### सीएम योगी को हटा दिया जाएगा

इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2014 में जब पीएम मोदी सत्ता में आए तो उन्होंने नियम बनाया कि भाजपा में जो नेता 75 साल का हो जाएगा, उसे रिटायर कर दिया जाएगा। अगले साल पीएम मोदी 75 साल के होंगे तो स्वाभाविक रूप से वह रिटायर होंगे। जब मैंने सबसे पहले यह कहा तो सभी भाजपा नेता कहने लगे कि पीएम मोदी रिटायर नहीं होंगे, लेकिन पीएम मोदी ने कुछ नहीं कहा, वह रिटायर होंगे और अमित शाह को पीएम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद आदित्यनाथ को 2 महीने के भीतर हटा दिया जाएगा। वह अब सीएम नहीं रहेंगे और जब मैंने ऐसा कहा, तो किसी भी भाजपा नेता ने अन्यथा नहीं कहा।

### मोदी आरक्षण विरोधी

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने एक रैली में कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो अगर आपके पास 2 एकड़ जमीन है तो 1 एकड़ मुसलमान को दे देंगे। आपके घर में जो सोना-चांदी है, उसका बंटवारा करेंगे। अगर आपके पास दो भैंस हैं तो एक भैंस मुसलमान को दे देंगे। नरेंद्र मोदी ये सब इसलिए करते हैं क्योंकि वो गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग को उनका हक और आरक्षण नहीं देना चाहते हैं।एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि ये पहला चुनाव ऐसा है जो बाबा साहब आंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए है। बीजेपी की सरकार आई तो आपके अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे।।

### माधवी लता की गाड़ी रोकी, शिकायत दर्ज



**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता की गाड़ी जबरन रोके जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इसे लेकर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ये लोग मतदान के दिन ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन उम्मीदवार असदुद्दीन ओवैसी के समर्थन में बाइक रैली में शामिल थे। इन लोगों पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का भी आरोप लगा है। हैदराबाद के रहने वाले अब्दुल वहीद नामक व्यक्ति ने इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मुगलपुरा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 147, 509, 506 और 149 के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच जारी है।

### महंगी पड़ी टिप्पणी BJP प्रत्याशी को EC का नोटिस

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और पश्चिम बंगाल की तमलुक सीट से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय को उनकी एक अनुचित और अशोभनीय टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तृणमूल कांग्रेस ने हल्दिया में 15 मई को एक सभा में गंगोपाध्याय द्वारा सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की थी। इसके बाद आयोग ने यह नोटिस जारी किया है। निर्वाचन आयोग ने अपने नोटिस में कहा कि गंगोपाध्याय की टिप्पणी प्रथम दृष्ट्या आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और राजनीतिक दलों को दिए गए परामर्श का उल्लंघन करने वाली पाई गई है। निर्वाचन आयोग ने 20 मई को शाम पांच बजे तक नोटिस पर जवाब मांगा है।

### यूपी में चुनाव सभाओं में प्रधानमंत्री ने साधा विपक्ष पर निशाना

## सपा व कांग्रेस सत्ता में आई तो रामलला फिर तंबू में होंगे: मोदी

**एजेंसी** | लखनऊ

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के मतदान से पहले उत्तर प्रदेश में सियासी घमासान और तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दूसरे दिन उत्तर प्रदेश में हमीरपुर और बाराबंकी में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया।

प्रपीएम मोदी ने यूपी के बाराबंकी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, अगर सपा और कांग्रेस सत्ता में आती है तो रामलला फिर से तंबू में होंगे और वे राम मंदिर पर बुलडोजर चलाएंगे। उन्हें योगी जी से ट्यूशन लेना चाहिए कि कहां बुलडोजर चलाना है और कहां नहीं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन देश की भलाई के लिए काम कर रहा है।

उन्होंने कहा, जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, इंडिया गठबंधन के सदस्य टूटने लगे हैं। पीएम ने भाजपाकी हैट्रिक जीत का दावा करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए लोकसभा चुनाव लड़ रहा है।



### मेरी गारंटी है...आपको विकसित भारत देना है

लोकसभा चुनाव के प्रचार के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार शाम देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पहुंचे। यहां उन्होंने एक विशान जनसभा को संबोधित किया। रैली की खास बात यह भी रही कि मंच पर पीएम मोदी के साथ मनसे प्रमुख राज ठाकरे भी नजर आए। इससे पहले पीएम मोदी ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने वीर सावरकर स्मारक पर वीर सावरकर को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जबसे इस सेवक को काम दिया, तो 10 साल में आज देश 11वें नंबर से दुनिया की 5वें नंबर की आर्थिक ताकत बनकर खड़ा है। मेरी गारंटी है कि कुछ ही सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जाएंगे। मैं गारंटी देता हूं कि मैं आपको विकसित भारत देकर जाने वाला हूं। इसलिए मोदी 2047 के लिए 24 घंटे और सातों दिन के मंत्र के साथ हर पल आपके नाम, हर पल देश के नाम जी जान से जुटा है। पीएम मोदी ने कहा कि राम मंदिर भी उनको असंभव लगता था, लेकिन दुनिया को कभी न कभी इस बात को स्वीकार करना पड़ेगा कि भारत भूमि में रहने वाले लोग अपने विचारों और इरादों के इतने पक्के थे कि एक सपना लेकर के 500 साल तक लड़ते रहे। अनेक पीढ़ियों का संघर्ष, लाखों लोगों का बलिदान और 500 साल तक संजोया सपना... आज रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हैं।

### चुनौती को चुनौती देने का दूसरा नाम है मोदी

पीएम मोदी ने हमीरपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस तुष्टीकरण के आगे कुछ नहीं सोचते। जब मोदी देश को इनकी सच्चाई बता रहा है तो यह लोग कह रहे हैं कि मोदी हिंदू मुसलमान करता है। पीएम मोदी ने कहा, चुनौती को चुनौती देने का दूसरा नाम है मोदी। चुनौती से जो टकराता है, वही मोदी कहलाता है। उन्होंने कहा कि, यूपी में कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। वोट बैंक के लिए कांग्रेस कुछ भी कर रही है। उन्होंने कहा, पिछली सरकारों ने किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर किया। आज भाजपा सरकार ने किसान सम्मान निधि के एक हजार 800 करोड़ रुपए किसानों के खाते में जमा कराए हैं। अगले पांच वर्षों में भाजपा सरकार की सुविधाएं हर गरीब तक पहुंचेंगी। पीएम मोदी ने कहा, पाकिस्तान को भारत ने मुंह तोड़ जवाब दिया, ये क्या इसलिए था कि कांग्रेस इस पर पानी फेरने की बात करे। कांग्रेस कह रही है कि वह कश्मीर में आर्टिकल 370 वापस लाएगी। कांग्रेस आजकल हमें धमकी दे रही है कि पाकिस्तान से डरो। उसके पास एटम बम है। मैं तो कांग्रेस को कहता हूं कांग्रेस को बुंदेलखंड की धरती पर आकर देखें कि वीरता क्या होती है। पाकिस्तान का डर दिखाकर वोट मांगने वालों को कौन वोट देगा। 20 मई को आपका वोट विकसित भारत, सर्वत्र भारत इसकी गारंटी है।

### मोदी की टिप्पणी पर कांग्रेस ने साधा निशाना

## पीएम मोदी व सीएम योगी दोनों ही आरक्षण विरोधी: जयराम रमेश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलडोजर को लेकर दिए गए एक बयान की तीखी तीखी आलोचना की है और उन्हें आरक्षण विरोधी मानसिकता वाला करार दिया। पीएम मोदी ने एक चुनावी सभा में कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन के लोग सत्ता में आ गए तो ये लोग अयोध्या में राम मंदिर पर बुलडोजर चलवाएंगे। उन्होंने नसीहत दी थी कि अगर बुलडोजर चलाना है तो उन्हें योगी आदित्यनाथ से सीखना चाहिए कि बुलडोजर कहां चलाना है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर पीएम मोदी और सीएम योगी पर हमला बोला है। रमेश ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वेबसाइट का हवाला देकर दावा किया है कि उस वेबसाइट पर लिखे योगी के आलेख आरक्षण और संविधान विरोधी हैं। कांग्रेस नेता ने इसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और पीएम मोदी की विचारधारा और मानसिकता से प्रेरित बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि ये सोच बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।



### योगी का बुलडोजर आरक्षण प्रणाली के खिलाफ

वीडियो पोस्ट करते हुए जयराम रमेश ने ट्वीट किया है, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन को उत्तर प्रदेश के सीएम योगी से सीखना चाहिए कि 'बुल्डोज़र' कहां चलाना चाहिए। असलियत में योगी का 'बुल्डोज़र' दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों की आरक्षण प्रणाली के खिलाफ है। जयराम ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री को यह स्पष्ट रूप से कहना चाहिए कि वह योगी के आरक्षण विरोधी विचारों के कारण ही उनका समर्थन कर रहे हैं और वह इसीलिए '400 पार' का नारा लगा रहे हैं ताकि संसद में 400 सीटों का बहुमत हासिल कर बाबा साहेब अम्बेडकर के संविधान में संशोधन कर सकें और दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से आरक्षण का अधिकार छीन सकें।

### सपा विधायक मनोज पांडेय भाजपा में हुए शामिल, रायबरेली में शाह बोले...

## रायबरेली-अमेठी में कमल खिला तो 400 पार

**एजेंसी** | रायबरेली/अमेठी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को रायबरेली में में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से कहा कि रायबरेली और अमेठी में कमल खिला दो तो भाजपा 400 पार अपने आप हो जाएगी। उन्होंने प्रियंका गांधी पर रायबरेली को पारिवारिक सीट कहने पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि रायबरेली किसी परिवार की नहीं बल्कि जनता की सीट है। अमित शाह ने समाजवादी पार्टी (सपा) के बागी विधायक मनोज पांडे को भी मंच से भाजपा में शामिल किया। वह मंच पर अमित शाह के बगल में बैठे। लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। शाह ने दावा किया कि इस बार रायबरेली और अमेठी दोनों सीटें भाजपा की झोली में जाने वाली हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मनोज पांडेय के भाजपा में आने से लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की राह आसान होगी। शाह ने कहा कि परिवारवादी लोग चाहते हैं कि उनके परिवार के लोग ही मुख्यमंत्री बनें। बंगाल में ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं, बिहार में लालू यादव अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं। वो कहते हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट गांधी परिवार की सीट है, ये सीट किसी की नहीं, बल्कि जनता की है, जनता जिसे सीट देगी, उसे ही सीट मिलेगी।




### लेके रहेंगे पीओके

अमित शाह ने कहा कि मणिशंकर अय्यर और फारुख अब्दुल्ला कहते हैं कि पीओके की बात मत करो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं, आपको डरना है तो डरिए, लेकिन, ये पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि अमेठी और रायबरेली सालों से गांधी परिवार को अपना नेता मानता रहा। मगर, उन्होंने कभी इन्हें अपना नहीं माना। यहां कम से कम 600 लोग अलग-अलग दुर्घटना में मारे गए, लेकिन सोनिया गांधी मिलने नहीं आईं। जन प्रतिनिधि ऐसा चुनिए, जो आपके काम आए।

### धन शोधन मामले में सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

## हेमंत सोरेन को नहीं मिली जमानत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन शोधन घोटाले के मामले में ईडी की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से एक बार फिर राहत नहीं मिली। दरअसल, सोरेन ने हाल ही में कोर्ट में याचिका दायर कर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर खुद के लिए जमानत मांगी थी। हालांकि, कोर्ट ने इस मामले में अब अगली तारीख दे दी है। सुप्रीम कोर्ट अब सोरेन की जमानत याचिका पर 21 मई को सुनवाई करेगा। इससे पहले अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देनी वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से 17 मई तक जवाब मांगा था। न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुरू में मामले की सुनवाई 20 मई को सूचीबद्ध की थी, लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा था कि तब तक चुनाव खत्म हो जाएगा और अगर मामले में लंबी तारीख दी गई तो वह (सोरेन) पक्षपात का शिकार होंगे, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 17 मई के लिए निर्धारित कर दी। सिब्बल ने सोरेन का पक्ष रखते हुए पीठ को बताया था कि उनका मामला भी अरविंद केजरीवाल के आदेश के हूबहू है और उन्हें भी प्रचार अभियान के लिए जमानत की जरूरत है।



### रायबरेली में सोनिया गांधी ने की लोगों से भावुक अपील

## मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं... राहुल आपको कभी भी नहीं करेंगे निराश

**एजेंसी** | रायबरेली

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए देश में जारी सियासी घमासान के बीच कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अपने पुत्र व कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में शुक्रवार को रायबरेली पहुंची और एक सभा को संबोधित करते हुए लोगों से भावुक अपील की। उन्होंने अति संक्षिप्त भाषण में रायबरेली के लोगों के प्रति आभार जताया और कहा कि अपना बेटा आपको सौंप रही हूं। बीस साल तक जिस तरह से आपने मुझे प्यार दिया है, उसी तरह राहुल को भी दें। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे। सोनिया गांधी ने इस दौरान अपनी और इंदिरा गाधी से जुड़ी रायबरेली की यादें भी साझा की। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता गंगा की तरह पवित्र है। ज्ञात रहे कि सोनिया गांधी पिछले बीस लास से रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। इस बार राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव मैदान में हैं। हालांकि राहुल गांधी केरल के वायनाड से भी दोबारा मैदान में हैं। रायबरेली में 53 वर्षीय राहुल गांधी का मुकाबला भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से होगा। रायबरेली में 20 मई को वोटिंग है।



### सौ साल से परिवार की जड़ इस मिट्टी से जुड़ी

सोनिया गांधी ने कहा कि यहां से न सिर्फ कोमल यादें जुड़ी हैं, बल्कि सौ साल से हमारे परिवार की जड़ इस मिट्टी से जुड़ी हुई है। गंगा मां की तरह पवित्र यह रिश्ता किसान आंदोलन के साथ शुरू हुआ और आज तक कायम है। सोनिया गांधी ने कहा कि इंदिरा जी के दिल में रायबरेली की अलग जगह थी। उन्हें काम करते हुए करीब से देखा है। उनके मन में आपके लिए असीम प्यार था। मैंने राहुल-प्रियंका को वही शिक्षा दी जो रायबरेली और इंदिरा जी ने मुझे दी है। दोनों को बताया है कि सभी का आदर करो। सभी की रक्षा करो। अन्याय के खिलाफ जनता के लिए जिससे भी लड़ना पड़े लड़ जाओ। कभी किसी से डरना मत क्योंकि संघर्ष ही तुम्हारी जड़े और परंपराएं बहुत मजबूत हैं।

## अब मैं जो चाहूंगा वहीं कहेंगे पीएम मोदी

**एजेंसी** | रायबरेली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक के बाद एक कई तीखे हमले किए। अखिलेश यादव के साथ संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री अब अपनी हार मान चुके हैं। अब मैं जो भी चाहता हूं प्रधानमंत्री के मुंह से बुलवा सकता हूं। मैंने कहा कि मोदी जी आप अडाणी-अंबानी का नाम कभी नहीं लेते हो। दो दिन बाद प्रधानमंत्री अडाणी- अंबानी का नाम लेने लगे। फिर मैंने कहा कि हम जनता के बैंक एकाउंट में खटाखट खटाखट पैसे डालेंगे। गुरुवार को पीएम मोदी भी खटाखट खटाखट कहने लगे। इससे साफ हो गया है कि नरेंद्र मोदी हार स्वीकार कर रहे हैं।



## जरूरी खबर

### पीओके में हिंसा पाकिस्तान की लूट का नतीजा

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में महंगाई को लेकर जारी हिंसा को भारत ने पाकिस्तान द्वारा पीओके से संसाधनों की प्रणालीगत लूट की निरंतर नीति का स्वाभाविक परिणाम बताया है। इसके साथ ही भारत ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने अपनी साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन की रिपोर्ट देखी है। ऐसी शोषणकारी नीतियां स्थानीय लोगों को उनके अपने संसाधनों पर अधिकार और उसके लाभों से वंचित करती हैं। ऐसे में लोगों का प्रतिरोध करना स्वाभाविक है।

### प्रचार के दौरान कन्हैया कुमार को जड़ा थप्पड़



**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में एक शख्स माला पहनाने के बहाने कन्हैया कुमार के पास पहुंचता है और थप्पड़ मार देता है। इस दौरान कन्हैया कुमार पर स्याही भी फेंकी गई है। इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी की पार्षद छाया शर्मा ने पुलिस में लिखित शिकायत दी है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी की उस्मानपुर में कन्हैया कुमार की मीटिंग थी। मीटिंग पूरी होने के बाद एक शख्स माला पहनाने के बहाने कन्हैया के करीब पहुंचा और माला पहनाने के बजाय थप्पड़ मार दिया।

### कीमती जंगलों को आग से बचाने की जरूरत: SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जंगलों में लगने वाली आग पर चिंता जाहिर की है। साथ ही कहा है कि कीमती जंगलों को आग से बचाया जाना चाहिए। न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हर कोई जंगलों की रक्षा में रुचि रखता है। उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को जंगल की आग रोकने और नियंत्रित करने के लिए धन के उपयोग, वन विभाग में रिक्तियों को भरने और अग्निशमन के लिए जरूरी उपकरण सहित विभिन्न जानकारी दी।

## भारत-मंगोलिया बढ़ाएंगे रक्षा सहयोग




*नई दिल्ली। भारत और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालयों के बीच संयुक्त कार्य समूह की बैठक 16-17 मई, 2024 को मंगोलिया के उलानबटार में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के स्टेट सेक्रेटरी ब्रिगेडियर जनरल गनखुयाग दावागदोर्ज ने की। इस दौरान दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचार किया।*

### भारत-रूस: बिना वीजा फ्री टूरिस्ट एंट्री की तैयारी



**नई दिल्ली।** भारत और रूस की मित्रता में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। दोनों देश अपने लोगों को वीजा फ्री टूरिस्ट एंट्री देने की कार्य योजना पर काम कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि 2024 में इसे मूर्त रूप दिया जा सकता है। एक रूसी मंत्री के मुताबिक, रूस और भारत के बीच यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए द्विपक्षीय समझौते पर अगले महीने यानी जून में बातचीत शुरू होगी।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रूसी मंत्री ने यह भी कहा कि मास्को और नई दिल्ली वीजा फ्री टूरिस्ट ग्रुप को एक-दूसरे देश में भेजने और पर्यटन संबंधों को बढ़ावा देने की योजना पर गंभीरता से काम कर रहे हैं।

स्वाति मालीवाल से बदसलूकी मामले में बढ़ी रार

# पुलिस सीएम हाउस पहुंची घटना पर जुबानी जंग तेज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से बदसलूकी मामले पर रार और बढ़ती जा रही है। पहले दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्वाति मालीवाल के आरोपों को झूठा बताया। वहीं इसके बाद स्वाति मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। दूसरी ओर इस घटनाक्रम से संबंधित एक वीडियो शुक्रवार को सामने आया। दावा है कि ये वीडियो दिल्ली सीएम हाउस का है। मालीवाल ने एक एफआईआर भी दर्ज कराई है। जिसके बाद दिल्ली पुलिस शुक्रवार शाम को सीएम अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची। पुलिस के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट और महिला अफसर भी शामिल थे।



### तीन घंटे चला था मेडिकल टेस्ट

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह पीड़ित स्वाती मालीवाल का मेडिकल टेस्ट कराया। बताया जा रहा है की उनकी मेडिकल जांच तीन घंटे तक चली। मेडिकल जांच की आई रिपोर्ट में उनके चेहरे पर अंदरूनी चोट की बात सामने आई। उनका सिटी स्कैन भी कराया गया।

### गुंडे के सामने झुकी पार्टी: स्वाति मालीवाल

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए अपना पक्ष रखा। उन्होंने केजरीवाल के पूर्व पीएस बिभव कुमार का नाम लिए बिना पार्टी पर उसके दबाव में हार मानने का आरोप लगाया। मालीवाल ने अपनी पोस्ट में लिखा, पार्टी में कल के आए नेताओं से 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। दो दिन पहले पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सब सच कबूल लिया था और आज यू-टर्न मार दिया। ये गुंडा पार्टी को धमका रहा है, मैं अरेस्ट हुआ तो सारे राज खोलूंगा। इसलिए ही लखनऊ से लेकर हर जगह शरण में घूम रहा है। एक गुंडे को बचाने के लिए पूरी पार्टी से मेरे चरित्र पर सवाल उठाए गए। कोई बात नहीं, पूरे देश की महिलाओं के लिए अकेले ही लड़ती आई हूँ, अपने लिए भी लड़ूंगी। जमकर करैक्टर असैसीनैशन करो, वक्त आने पर सब सच सामने आएगा!'

### आतिशी ने आरोप नकारे ,कहा- सीएम हाउस में घुसने की कोशिश की

इस बीच, दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वाति मालीवाल के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि वे जबरन सीएम आवास में घुसने की कोशिश कर रही थीं। जिसके बाद उन्हें रोकने की कोशिश की गई। अपने दावे के समर्थन में उन्होंने शुक्रवार को वायरल हुए उस वीडियो हवाला भी दिया। वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता सांसद संजय सिंह द्वारा स्वाति मालीवाल का पक्ष लेने और बिभव कुमार पर कार्रवाई करने की बात कहे जाने को लेकर आतिशी ने कहा, तब तक उनके सामने सिर्फ स्वाति मालीवाल का पक्ष था। लेकिन अब उनके सामने अब बिभव कुमार का पक्ष भी आया है, और सबसे जरूरी बात यह वीडियो सामने आया है, जो साफ-साफ दिखा रहा है कि जो बातें इस शिकायत पत्र और एफआईआर में कही गई हैं, वो बिल्कुल झूठ है।

### वीडियो में सुरक्षाकर्मियों पर चिल्लाती नजर आई मालीवाल

इससे पहले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास के ड्राइंग रूम का एक वीडियो शुक्रवार को वायरल हुआ है। इस वायरल वीडियो में स्वाति मालीवाल को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि 'हाथ लगाकर देखो मैं तुम्हारी नौकरी ले लूंगी'। वीडियो में वहां सुरक्षा कर्मियों को देखा जा सकता है। वीडियो में वह सुरक्षाकर्मियों से बात करती हुई दिखाई दे रहीं हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस ने इस वीडियो के अधिकारिक होने की पुष्टि नहीं की है। जांच में जुटे दिल्ली पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि इस वीडियो को जब्त कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जाएगी। इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार आरोपी हैं।

### अब बिभव कुमार ने दर्ज कराई शिकायत

इस बीच, केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद स्वाती मालीवाल के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के मुताबिक स्वाति मालीवाल मुख्यमंत्री आवास में जबरदस्ती दाखिल हुई थीं। उस वक्त मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने आवास में मौजूद नहीं थे। जब उनको घर में मौजूद पुलिसकर्मियों ने रोका तो उन्होंने उन सभी को धमकी दी। उनसे ऊंची आवाज में बहस की। मालीवाल के सभी आरोप निराधार हैं। शिकायत में यह भी लिखा कि स्वाति मालीवाल सीएम के ड्राइंग रूम में जबरदस्ती घुसी थीं। बिभव कुमार ने इसका विरोध किया और सामने खड़े हो गए। इस पर स्वाति ने बिभव कुमार को धक्का देने की कोशिश की। उनका इरादा मुख्यमंत्री केजरीवाल को फंसाने का था। स्वाति जबरदस्ती मुख्यमंत्री केजरीवाल से मिलना चाहती थीं। अपने आरोपों के बाद मालीवाल थाने गई, लेकिन उन्हें जब एमएलसी कराने के लिए अस्पताल लेकर जाने को कहा गया तो उन्होंने जाने से मना कर दिया। वह अस्पताल नहीं गई।

शराब नीति घोटाला: मनी लॉड्रिंग केस

# चार्जशीट दाखिल केजरीवाल व 'आप' को बनाया आरोपी



**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया और उनकी आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया। विशेष अदालत के सामने अभियोजन की शिकायत दायर की गई और आरोपियों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत आरोप लगाने की मांग की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर मामले में यह आठवीं चार्जशीट है। इस मामले में यह पहली चार्जशीट है, जो केजरीवाल के खिलाफ दाखिल की गई है। एजेंसी ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आधिकारिक आवास से गिरफ्तार किया था। वो फिलहाल अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर हैं। इस मामले में ईडी ने अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पिछले हफ्ते एजेंसी ने बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता और चार अन्य के खिलाफ इसी तरह की शिकायत दर्ज की थी। सीएम केजरीवाल को पहले ईडी द्वारा दिल्ली उत्पाद शुल्क घोटाले का किंगपिन और मुख्य साजिशकर्ता कहा गया था। आरोप है कि उन्होंने दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य लोगों के साथ मिलकर काम किया।

### केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। याचिका में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में उनकी रिमांड को चुनौती दी गई थी। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें नियमित जमानत के लिए निचली अदालत का रुख करने की छूट दे दी। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सिंघवी, केजरीवाल की ओर से कोर्ट में पेश हुए। इसके अलावा राजू ने ईडी की ओर से दलीलें दीं।

आसमान में बढ़ेगी ताकत

# वायुसेना को जुलाई में मिलेगा तेजस एमके-1ए विमान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना को जुलाई 2024 तक तेजस एमके-1ए विमान मिलने की संभावना है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने तेजस हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एमके-1ए को विकसित किया है। इस विमान ने 28 मार्च को बेंगलुरु में अपनी पहली उड़ान भरी थी। रक्षा मंत्रालय ने 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस खरीदने के लिए एचएएल को टेंडर जारी किया था। ताकि वायुसेना की क्षमता को बढ़ाया जा सके। इस टेंडर की लागत लगभग 67 हजार करोड़ बताई जा रही है। बीते महीने वायुसेना की बैठक में वायुसेना को अधिक तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों की आवश्यकताओं पर जोर दिया गया था। उम्मीद है कि इस विमान के मिलने पर वायुसेना की ताकत और दुश्मन देशों की परेशानियां बढ़ेंगी। इससे पहले वायुसेना ने फरवरी 2021 में 48,000 करोड़ रुपए में 83 एमके-1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया था। विमानों की खरीद में हालिया टेंडर इस सिलसिले में दूसरी कड़ी मानी जा रही है। इन 83 लड़ाकू विमानों में से पहली खेप की वायुसेना को 31 मार्च तक आपूर्ति की जानी थी, लेकिन प्रमुख प्रमाणपत्रों के कारण डिलीवरी में देरी हो गई है। अब यह डिलीवरी जुलाई में की जाएगी। ज्ञात रहे कि पहले से ऑर्डर किए गए 83 लड़ाकू विमानों की पूरी डिलीवरी 2028 तक होने की उम्मीद है।



### 350 LCA शामिल करने की योजना

वायुसेना में लगभग 350 एलसीए (एमके-1, एमके-1ए और एमके-2 वर्जन के तेजस) के शामिल होने की उम्मीद है। जिनमें से एक तिहाई का ऑर्डर पहले हो जा चुका है, कुछ को शामिल किया है और बाकी को प्रमुखता से शामिल किया जाएगा।

### नई प्रॉडक्शन लाइन स्थापित

लड़ाकू विमानों के लिए भारतीय वायुसेना की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए एचएएल ने एलसीए एमके-1ए के लिए नासिक में एक नई प्रॉडक्शन लाइन स्थापित की है। एचएएल बेंगलुरु में हर साल 16 एलसीए एमके-1ए का निर्माण करता है और नासिक में प्रॉडक्शन लाइन स्थापित होने से एचएएल 24 जेट प्लेन का उत्पादन कर सकेगा। बता दें एलसीए एमके-1ए, एलसीए एमके-1 का उन्नत संस्करण है, जिसे पहले ही वायुसेना में शामिल किया जा चुका है।

### तेजस का अपग्रेड वर्जन है एमके-1ए

एमके-1ए यह तेजस विमान का अपग्रेडेड वर्जन है। इसमें कई आधुनिक उपकरण लगे हैं। इस विमान में रडार वॉर्निंग रिसीवर, आत्मरक्षा के लिए जैमर पॉड सहित और भी कई अहम खूबियां हैं। विमान हवा से हवा, हवा से सतह पर मार करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा। जैसा कि नाम से ही जाहिर होता है कि विमान वजन में हल्का होगा। एचएएल द्वारा तैयार किया गया यह विमान अपनी श्रेणी का सबसे हल्का और सबसे छोटा बहुउद्देश्यीय सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है।

# 'एसोस' के प्रॉडक्ट भारत में बेचेगा रिलायंस रिटेल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

ब्रिटेन की मशहूर ऑनलाइन फैशन कंपनी एसोस के प्रॉडक्ट भारत में बेचने के लिए रिलायंस रिटेल ने एक दीर्घकालीन साझेदारी की है। लाइसेंसिंग समझौते के तहत, रिलायंस रिटेल भारत में सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों पर एसोस के प्रॉडक्ट्स ग्राहकों को उपलब्ध कराएगा। कंपनी के प्रोडक्ट 200 से अधिक बाजारों में उपलब्ध हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने बताया कि वैश्विक फैशन रुझानों को भारत के बाजारों तक लाने के हमारे समर्पण में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह साझेदारी भारत के प्रमुख खुदरा बाजारों में हमारी मजबूत स्थिति को दिखाती है और यह सुनिश्चित करती है कि हमारे ग्राहकों की पहुंच अत्याधुनिक फैशन तक हो। एसोस के सीईओ जोस एंटोनियो रामोस ने कहा, रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर हम भारत में ग्राहकों के लिए अपने कुछ फैशन-आधारित ब्रांड लाने के लिए उत्साहित हैं, जिसमें एसोस डिज़ाइन भी शामिल है, जो इस पूरी दुनिया में सबसे बड़े ब्रिटिश फैशन ब्रांडों में से एक है।



### कंसल्टेंट जरनल ऑफ मोंटेनेग्रो की डिप्लोमेट ने किया कल्चर प्रमोट

# ‘एक नारी और दो खादी की साड़ी’ फॉर्मूला सुधारेगा हाथ के कारीगरों की दशा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान की गर्मी में खादी की बनी साड़ियां यदि पहनी जाएंगी तो महिलाओं को पसीने से होने वाली बीमारियां नहीं होंगी और गर्मी भी कम लगेंगी। यह कहना था जयपुर साड़ी स्टोरी में खादी और लोकल आर्टिजंस की बुनी साड़ियों को प्रमोट करने आई डॉ. जेनिस दरबारी का। डॉ जेनिस इस समय कंसल्टेंट जरनल ऑफ मोंटेनेग्रो की डिप्लोमेट हैं। मोंटेनेग्रो यूरोप का देश है, जहां यूनेस्को की सबसे अधिक हेरिटेज साइट्स मौजूद हैं। वे पूरी दुनियां में भारत के कल्चर और पहनावे को प्रमोट करने के लिए जानी जाती हैं।





#### बुनकर और कारीगरों के इसलिए बुरे हाल

जयपुर साड़ी स्पीक के बैनर तले होटल लेमन ट्री हिल्टन में आयोजित हुए प्रोग्राम में आयोजक साधना गर्ग से बात करते हुए डॉ. जेनिस ने कहा कि खादी ने तो देश की आजादी की लड़ाई में क्रांति ला दी थी। महिलाओं ने अंग्रेजी कपड़े का बहिष्कार करते हुए खादी की बुनी हुई साड़ियां और कपड़े पहनना शुरू कर दिया था। आज अंग्रेज तो नहीं हैं, मगर आज हम खुद हाथ की बुनी साड़ियां नहीं पहनते। बुनकर और कारीगर इस लिए बुरे हाल में हैं। अगर एक महिला साल में मात्र दो हाथ से बनी साड़ियां पहन ले तो देश में कारीगरों के हालात बदल जाएंगे। साथ ही स्किन के रोग भी कम होंगे।

#### पिछवाई बनाना सिखाया

प्रोग्राम के दौरान ही महिलाओं को पिछवाई आर्ट बनाना सिखाया गया। साथ ही इस कला के इतिहास के बारे में बताया गया। वहीं पैटल पार्टी में वास्तविक फूलों से बने गहने बनाकर महिलाओं को पहनाए गए। सभी ने एक-दूसरे से इंटरेक्ट करते हुए मेहमान से बातचीत की और दुनिया में हो रहे उनके प्रयासों को सराहा।



#### लोकल कलाकारों को करना है प्रमोट

आयोजक साधना गर्ग ने बताया कि इस प्रोग्राम का मकसद महिलाओं को देश भर में बनने वाले बुने हुए कपड़े और लोकल कलाकारों के बारे में बात करना था। ताकि लोकल आर्ट दुनियां में प्रमोट हो। कार्यक्रम में शहर की 150 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर फ्री पिछवई व फ़्लॉवर पेटल पार्टी भी आयोजित की गई।

### परिंदों के दाने-पानी की व्यवस्था



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जैन युवा महासभा के झोटवाड़ा सम्भाग के तत्वावधान में सामाजिक सेवा कार्यो के तहत झोटवाड़ा के केसर उद्यान शिव शंकर मंदिर पार्क कैलाश नगर परिक्षेत्र में परिंडे बांधे और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी दी। सम्भाग अध्यक्ष तरुण जैन व महामंत्री पूनम चांदवाड़ ने बताया कि पार्क में तथा आसपास के पेड़ों पर पंछियों के पानी पीने के लिए परिण्डे तथा पंछियों के लिए चुग्गा दाना घर बांधे गए। साथ ही आसपास के निवासियों को परिंदों के लिए पानी भरने के लिए परिंडे व चुग्गा दाना घर वितरित किए गए। इस मौके पर पक्षी रक्षा का संकल्प लेते हुए परिंडों में नियमित रूप से पानी भरने तथा पक्षियों के लिए चुग्गा दाना घर में दाना भरने की शपथ ली।

### कानोड़िया कॉलेज में बांधे परिंडे



**बेधड़क. जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत परिंडा महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर ममता जैन, चीफ वार्डन, राजस्थान विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि चारू गुप्ता, प्रदेश महामंत्री महिला अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के संस्थापक प्रमोद जैन भंवर, संयोजक मनीषा जैन ने महाविद्यालय परिसर में स्थित छायादार पेड़ों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल के साथ उप प्राचार्य डॉ. रंजुला जैन, डॉ रंजना अग्रवाल राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी आंचल पुरी और महाविद्यालय की अन्य शिक्षिकाओं का भी इस कार्य में सहयोग रहा।

## City इवेंट्स

### जिनेंद्र देव दर्शन मोक्ष का साधन



**बेधड़क. जयपुर।** विदुषी आराध्या ने कहा कि जिनेंद्र देव का दर्शन पाप का नाश करने वाला तथा मोक्ष मार्ग का साधन है। विदुषी जनकपुरी ज्योति नगर में संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को प्रथम श्लोक का अर्थ समझाा रही थीं। शिविर के तीसरे दिन चार क्लास में करीब एक सौ विद्यार्थियों ने अध्ययन किया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के ने बताया कि शिविर, विदुषियों द्वारा नमोकार व प्रार्थना के बाद विजय राकेश व राजेंद्र ठोलिया परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। शिविर में शाम को छहढाला की कक्षा में आस पास के विद्यार्थी भी भाग लेने आ रहे हैं।

### बच्चे प्रकृति को दोस्त समझें

**बेधड़क. जयपुर।** वीणा वाटिका द्वारा ‘माई बडी नेचर’ विषय पर वीणा वाटिका ऑनलाइन इंटरनेशनल ड्राइंग प्रतियोगिता शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य ‘बच्चे प्रकृति को अपने दोस्त की तरह समझें और इस अनमोल धरोहर को जागरूक होकर अपने जीवन का हिस्सा बनाएं’ है। थीम का गाना भी बनाया गया है। प्रतियोगिता में 5 से 15 साल तक के बच्चे 30 जून तक ड्रॉइंग भेज सकते हैं। साथ ही ड्रॉइंग www.veenavatika.org वेबसाइट पर जाकर सबमिट कर सकते हैं। विजेता प्रतियोगियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

### जीआर अकेडमी ने जीता मैच

**बेधड़क. जयपुर।** न्यू भारत कप में शुक्रवार को हुए मैच में जीआर अकेडमी ने भदोरिया अकेडमी को हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जीआर अकेडमी ने आठ विकेट पर 259 रन बनाए। इनमें से आराध्य अग्रवाल ने (99) रन बनाए और सचिन जाट ने (51) रन की पारी खेली। भदोरिया अकेडमी की ओर से नितिन सेनी और विकास जांगिड़ ने तीन-तीन विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी भदोरिया अकेडमी 229 रन पर सिमट गई। देवांश सिंह शेखावत ने 81 और नितिन सेनी ने 87 रन की पारी खेली। जीआर अकेडमी के देवेंद्र जांगू और आर्यन चौधरी ने 2-2 विकेट लिए।



### AIU-VGU-AADC के प्रोग्राम में विशेषज्ञों ने रखे विचार

# संकाय विकास कार्यक्रम में उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने पर जोर



बेधड़क | जयपुर

एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू), विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू), अकादमिक और प्रशासनिक विकास केंद्र (एएडीसी) की ओर से विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में चल रहे संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) के चौथे दिन विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण विषयों पर सत्रों का नेतृत्व किया। उद्घाटन सत्र में वीजीयू के सीईओ एर ओंकार बगरिया ने 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लिखित परिवर्तनकारी दृष्टिकोण के साथ शिक्षण और सीखने की पद्धतियों को संरेखित करने के महत्व को रेखांकित किया। ‘उच्च शिक्षा को सशक्त बनानाः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को समझना और लागू करना’ थीम पर एफडीपी का लक्ष्य एनईपी 2020 की व्यापक समझ और उच्च शिक्षा परिदृश्य के लिए इसके निहितार्थ प्रदान करना है। FDP में NEP 2020: भारतीय लोकाचार और संस्कृति; बहुविषयक शिक्षा एवं समग्र विकास; एनईपी के संदर्भ में प्रौद्योगिकी और शिक्षा; एनईपी 2020 और शिक्षण प्रथाओं में नवाचार सत्र प्रमुख रहे। इन सत्रों का नेतृत्व प्रो. डीवीएस भगवानुलु प्रो-प्रेसिडेंट वीजीयू, डॉ. रितिका महाजन सहायक प्रो. प्रबंधन अध्ययन विभाग एमएनआईटी, डॉ. दीप्ति शर्मा एसो. प्रो. एचएसएस विभाग एमएनआईटी, डॉ. दिलीप पी. बराड डीन, प्रो. महाराजा कृष्ण कुमार सिंहजी भावनगर विवि भावनगर गुजरात, डॉ. विनोद शानवाल प्रोफेसर गौतम बुद्ध विवि ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश ने किया। राजस्थान विवि के अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर मीता माथुर ने शैक्षिक परिदृश्य बदलने में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### स्टाफ डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

# निरंतर परिवर्तन और नवाचार ही बदलेगा शिक्षा का भविष्य



बेधड़क | जयपुर

जयपुर के युवाओं ने शिमला में पैन जयपुरिया स्टाफ डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया। प्रतिभागियों के बीच सहयोग, आजीवन सीखने और नवाचार को बढ़ावा देने के मोटिव से हुए आयोजन में उद्घाटन भाषण वाइस प्रेसिडेंट एचआर राकेश रंजन ने दिया।

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के प्रोग्राम में उन्होंने कार्यक्रम के स्पष्ट उद्देश्यों और अपेक्षाओं और टोन को सेट किया। इसके बाद वाइस चेयरमैन श्रीवत्स जयपुरिया ने गतिशील और परिवर्तनकारी भविष्य रोडमैप बनाने पर चर्चा की। कार्यक्रम में जयपुरिया जयपुर के निदेशक डॉ. प्रभात पंकज ने मनोवैज्ञानिक कल्याण और जयपुरिया की रणनीतिक योजना पर विचारोत्तेजक सत्र में विचार रखे। डॉ. वीपी सिंह ने एजाइल लीडरशिप मॉडल पर ध्यान केंद्रित करते हुए विनम्रता, अनुकूलनशीलता, दृष्टि, इंगेजमेंट और गति को एक समग्र प्रयास के रूप में समन्वित करने पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यस्थल पर एआई के प्रभाव पर सत्र में डॉ. सुभाज्योति रे निदेशक जयपुरिया नोएडा ने विचार साझा किए। डॉ. कविता पाठक निदेशक जयपुरिया लखनऊ ने संगठनात्मक सेटअप में फीडबैक को संभालने, निपटने और बनाने के प्रभावी तरीकों को व्याख्यान दिया।

स्टाफ सदस्यों के लिए डॉ. दानेश्वर शर्मा, डॉ. टीना जैन और डॉ. रेखा अत्री द्वारा टीम-निर्माण सत्र आयोजित किए गए। अंत में डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती निदेशक इंदौर ने डेटा-आधारित निर्णय लेने पर सत्र का नेतृत्व किया। वाइस प्रेसिडेंट एचआर राकेश रंजन ने कार्यक्रम का संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत किया।

**WAC डे कल** | 25 शहरो में होगी मल्टीसिटी वॉक, जर्सी और मेडल लॉन्च

# 90 प्रतिशत कैंसर की वजह अनहेल्दी लाइफ स्टाइल

बेधड़क | जयपुर

जयपुराइट्स, डॉक्टर्स और सोशल वर्कर्स आदि एक साथ कदम ताल मिलाते हुए वॉक करेंगे और कैंसर जैसी घातक बीमारी के लिए अवेयनेस लाएंगे। इसके लिए वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे पर 19 मई को आयोजित होने वाली इंटरनेशनल मल्टीसिटी अवेयरनेस वॉक की जर्सी और मेडल लॉन्च किया गया।

इस अवसर पर कई विदेशी शहरों के साथ-साथ गुलाबी नगर जयपुर कदमताल करने को तैयार है। वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे पर शहरवासियों को स्वस्थ रहने के संदेश देने के लिए हेरिटेज वॉक सुबह 6 बजे से शुरू होगी। इसके लिए 70 दिवसीय अवेयरनेस कैंपेन पहले से ही चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में इंटरनेशनल मल्टीसिटी वॉक के बिब व मैडल सबके सामने आए। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक एडवोकेट कमलेश शर्मा, डॉ. प्रमिला संज व फोर्टिस हॉस्पिटल मार्केटिंग हैड मंजित सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।




#### पांच साल पहले हुई शुरुआत

एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट फाउंडर और एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ. संदीप जैन ने कहा कि जागरूकता फैलाने के लिए 5 साल पहले एब्डोमिनल कैंसर डे मनाना शुरू किया। 20 से 50 साल के लोगों में यह बीमारी तेजी से फैल रही है। शुरुआती दौर में ध्यान न दिया जाए तो मरीज जल्द एडवांस स्टेज में पहुंच जाता है। पेट दर्द, बुखार, पेट में पानी भरना, मुंह से खून आना आदि लक्षणों को नजरअंदाज न करें। इलाज के बाद भी 2 से तीन हफ्तों में बीमारी ठीक न हो तो यह कैंसर की दस्तक हो सकती है।

#### 41 विशेष व्यक्तियों का होगा सम्मान

इंटरनेशनल मल्टी सिटी वॉक को लेकर शनिवार को सुपर वॉक अवॉर्ड दिए जाएंगे, जिसमें 41 विशेष व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान बिब डिस्ट्रीब्यूशन किया जाएगा। देश में जयपुर, जोधपुर, कोटा सहित राजधानी दिल्ली, नागपुर, बैंगलुरू, गुरूग्राम, लुधियाना, भावनगर आदि शहरों में मल्टीसिटी अवेयरनेस वॉक का आयोजन किया जा रहा है।

#### राजधानी में यह रहेगा वॉक का रूट

वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट के सह संस्थापक और IEMR निदेशक मुकेश मिश्रा ने कहा कि 25 शहरों में मल्टीसिटी अवेयरनेस वॉक का आयोजन किया जा रहा है। 3 किमी लंबी इस वॉक का उद्देश्य स्वस्थ रहने का संदेश देना है। जयपुर में सुबह जलेबी चौक से वॉक को रवाना किया जाएगा, जो जलेबी चौक से जंतर-मंतर, सिटी पैलेस, आतिश मार्केट, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़ और हवामहल होती हुए वापिस जलेबी चौक पर समाप्त होगी।



मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**जरूरी खबर**

### फ्रांस सरकार ने टिकटॉक पर लगाया बैन




**पेरिस।** फ्रांस ने कई दिनों से जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों को शांत करने के प्रयासों के तहत न्यू कैलेडोनिया में टिकटॉक को ब्लॉक करने का नाटकीय कदम उठाया है। यह लोकतांत्रिक सरकारों और चीनी स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बीच टकराव का ताजा मामला है। दो दिन पहले ही फ्रांस की सरकार ने न्यू कैलेडोनिया में 12 दिन के लिए आपातकाल लागू करने की घोषणा की थी। इस के पीछे फ्रांस सरकार का मकसद इस प्रशांत क्षेत्र में जारी विरोध-प्रदर्शनों को काबू करने के लिए पुलिस को और अधिक शक्तियां प्रदान करना है।

**अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के दूसरे दिन किम जोंग उन का एक्शन**

# उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागी बैलिस्टिक मिसाइलें



**एजेंसी** | सियोल

अमेरिका और दक्षिण कोरिया की ओर से युद्धक विमानों से किए गए संयुक्त सैन्य अभ्यास के दूसरे दिन उत्तर कोरिया ने पूर्वी तट से कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ ने कहा कि पूर्वी तट वानसन क्षेत्र से लांच किए गए हथियारों ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में गिरने से पहले लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय की। संयुक्त अभ्यास में दक्षिण कोरिया के दो एफ-35 एएस और अमेरिका के दो एफ-22 विमान शामिल हुए थे। उत्तर कोरिया की ओर से हाल के महीनों में लगातार हथियारों की टेस्टिंग जारी है। इस बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया भी क्षेत्र में लगातार संयुक्त अभ्यास कर रहा है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि उत्तर कोरिया का मानना है कि यदि बातचीत फिर से शुरू होती है तो उन्नत हथियार शस्त्रागार उसे अमेरिका से अधिक रियायतें हासिल करने का लाभ देगा। उत्तर कोरिया के राज्य मीडिया के अनुसार, पिछले हफ्ते, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने एक नए मल्टीपल राकेट लांच सिस्टम के एक और परीक्षण की निगरानी की थी।

**सहयोगी ने तोड़ा गठबंधन, 'प्रचंड' फिर विश्वास मत करेंगे हासिल**

# नेपाल के PM का चौथी बार फ्लोर टेस्ट 20 को

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' 20 मई को संसद में विश्वास मत हासिल करेंगे। यह उनके पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा विश्वास मत होगा। एक गठबंधन सहयोगी द्वारा उनकी सरकार से समर्थन वापस लेने के कुछ दिनों बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है। प्रचंड नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) से संबंध रखने पूर्व गुरिल्ला नेता हैं और उनकी पार्टी प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

विश्वास मत हासिल करने का निर्णय 13 मई को उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी नेपाल द्वारा पार्टी में विभाजन के बाद सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद किया गया है। यादव ने उप प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और उनकी पार्टी सरकार से बाहर हो गई थी। प्रतिनिधिसभा के सहायक प्रवक्ता दशरथ धमाला के अनुसार, 'प्रधानमंत्री नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 100 खंड 2 के मुताबिक विश्वास मत हासिल कर रहे हैं।



### सांसदों के बीच हुई हाथापाई

सहकारी धोखाधड़ी के मामले में नेपाल के गृह मंत्री रबी लामिछाने के खिलाफ जांच समिति के गठन को लेकर नेपाली संसद के निचले सदन में विपक्ष और सत्तारूढ़ गठबंधन के सांसदों के बीच हाथापाई हो गई। सत्तापक्ष के नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ भी विपक्षी सांसदों ने धुक्कामुक्की की। सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति की मांग पर अड़े विपक्षी नेताओं के साथ सरकार की हर बातचीत बेनतीजा होने के बाद जब सदन की कार्रवाई शुरू हुई तो रोज की तरह विपक्षी सांसद वेल में आकर जमकर नारेबाजी करने लगे। इसी बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने गृह मंत्री रवि लामिछाने को सदन में बोलने देने की इजाजत दी। गृहमंत्री लामिछाने सीट खड़े होकर जब पोडियम की तरफ जाने लगे तो नेपाली कांग्रेस के सांसदों ने उनका रास्ता रोका और नाराबाजी करने लगे। विपक्षी सांसदों की तरफ से गृह मंत्री लामिछाने को पोडियम तक जाने से रोकने पर सत्तापक्ष के प्रमुख नेता केपी शर्मा ओली ने विपक्षी सांसदों को समझाने की कोशिश की। संसद से जारी लाइव फुटेज में दिख रहा है कि ओली नेपाली कांग्रेस के सांसद तथा पार्टी के उपाध्यक्ष धनराज गुरूंग तथा महामंत्री गगन थापा को ऐसा नहीं करने के लिए बोल रहे थे। इस पर विपक्षी सांसदों ने नाराबाजी और तेज कर दी है। इस पर ओली ने चिल्लाकर विपक्षी सांसदों को वहां से हटने को कहा। इस पर विपक्षी सांसद भी ओली के खिलाफ नाराबाजी करने लगे। इतने में ही ओली की पार्टी के सांसदों ने विपक्षी सांसदों के साथ पहले धक्का-मुक्की और फिर हाथापाई पर उतर आए।

### किसकी कितनी सीट

नई सरकार को विश्वास मत जीतने के लिए 275 सदस्यीय प्रतिनिधिसभा में कम से कम 138 वोटों की आवश्यकता है। इससे पहले 13 मार्च को प्रधानमंत्री दहल ने लगातार तीसरा विश्वास मत जीता था। पिछले साल, प्रचंड को शक्ति परीक्षण का सामना करना पड़ा था जब पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। वर्तमान में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत है और यह सीपीएन-यूएमएल की 77 सीटों, माओवादी सेंटर की 32, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की 21, नवगठित जनता समाजवादी पार्टी की सात और सीपीएन-युनिफाइड सोशलिस्ट (सीपीएन-यूएस) की 10 सीटों के साथ सबसे बड़ा गठबंधन है।

### पिछले साल संभाला था पद

धमाला ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय और मंत्रिपरिषद ने पहले ही इस मामले के संबंध में संसद सचिवालय को सूचित करते हुए एक पत्र भेजा है। प्रधानमंत्री जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं अगर वह विभाजित हो जाती है या गठबंधन सरकार का कोई सदस्य समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर विश्वास मत हासिल करना होता है। प्रचंड ने 25 दिसंबर 2022 को पद संभाला था, जिसके बाद डेढ़ साल के भीतर यह उनका चौथा विश्वास मत होगा।

**कंबोडिया में भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी**

# नौकरी के लिए फर्जी एजेंटों से रहें सावधान

**एजेंसी** | नोम पेन्ह (कंबोडिया)

भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को नौकरियों के लिए कंबोडिया की यात्रा करने वालों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारतीय नागरिकों को केवल विदेश मंत्रालय (एमईए) द्वारा अनुमोदित अधिकृत एजेंटों के माध्यम से रोजगार सुरक्षित करने के लिए कहा है। एडवाइजरी में फर्जी नौकरी की पेशकश से जुड़े महत्वपूर्ण जोखिमों से सावधानी की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। कंबोडिया में भारतीय दूतावास



ने कहा कि ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें भारतीय नागरिकों को थाईलैंड के माध्यम से लाओस में रोजगार का लालच दिया जा रहा है।

ये फर्जी नौकरियां 'डिजिटल सेल्स एंड मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्स' या 'कस्टमर सपोर्ट सर्विस' जैसे पदों के लिए शामिल संदिग्ध कंपनियों द्वारा हैं। इन फर्मों से जुड़े दुबई, बैंकॉक, सिंगापुर और भारत जैसे स्थानों में एजेंट एक साधारण साक्षात्कार और टाइपिंग टेस्ट लेकर भारतीय नागरिकों की भर्ती कर रहे हैं और वापसी हवाई टिकट के साथ उच्च वेतन, होटल बुकिंग और वीजा सुविधा की पेशकश कर रहे हैं।

**एलन मस्क की भविष्यवाणी**

# 30 सालों में मंगल ग्रह पर बसेगा शहर

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

वैज्ञानिकों को हमेशा से मंगल ग्रह के बारे में दिलचस्पी रही है। मंगल ग्रह पर नासा के रोवर मौजूद हैं। क्योंकि यह धरती की तरह है, ऐसे में वैज्ञानिक चाहते हैं कि यहां इंसानों को भेजा जाए। स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने इसे लेकर अब बड़ा दावा किया है। तकनीक की दुनिया के दिग्गज एलन मस्क ने भविष्यवाणी की है कि अगले 30 सालों में मंगल ग्रह पर शहर बस जाएंगे। इनमें लोग रहा करेंगे। यह उस कल्पना के साकार होने जैसा होगा, जिसमें लोग कहते हैं कि अब मंगल और चांद पर भी कॉलोनियां बसेंगी। स्पेसएक्स के फाउंडर मस्क ने एक्स प्लेटफॉर्म पर अपने एक फॉलोवर के ट्वीट का जवाब देते यह बात कही। एलन मस्क ने कहा कि हम मंगल ग्रह पर उतरने से बस कुछ ही साल दूर हैं। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में चालक दल से इतर भी लोगों को भेजेंगे। 10 साल में जमीन पर रहने वाले लोगों को मंगल पर पहुंचाएंगे। अगले 20 साल में एक शहर और निश्चित रूप से 30 साल में सभ्यता बनाने में कामयाब होंगे।



### अब मंगल पर जाएगा भारत

मंगल ग्रह पर चीन और अमेरिका जा चुके हैं। अब इसरो का प्लान है कि मंगल पर जाया जाए। इसरो का लक्ष्य है कि मंगल पर एक रोवर और हेलिकॉप्टर उतारा जाए। अगर मंगल पर भारत उतरता है, तो यह एक नया रिकॉर्ड होगा। मंगलयान-2 मिशन को लेकर पिछले सप्ताह नेशनल टेक्नोलॉजी डे के मौके पर अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र में प्रस्तुति दी गई। भारत के सबसे भारी रॉकेट लॉन्च व्हीकल मार्क-III के जरिए इस मिशन को भेजा जाएगा।

### लाल ग्रह को हराभरा बनाने की प्लानिंग

एलन मस्क पहले मंगल ग्रह को हरा भरा बनाने की अपनी प्लानिंग कर चुके हैं। मस्क के हालिया ट्वीट के मुताबिक अगले पांच वर्षों में मंगल ग्रह पर एक मानव रहित मिशन लॉन्च किया जा सकता है। एलन मस्क स्टारशिप बनाने में भी लगे हैं, जो दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट होगा। वहीं अपने ट्वीट के जरिए मस्क ने संभावना जताई है कि अगले 10 वर्षों में इंसान मंगल ग्रह पर कदम रख देगा। एलन मस्क के एक्स पर 18.3 करोड़ फॉलोवर्स हैं। एक व्यक्ति ने ट्वीट करते हुए कहा, 'बहुत से लोगों के लिए अकल्पनीय... उम्मीद है कि मैं प्रगति देखने के लिए 10 साल और जीवित रहूंगा।'




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।